सुविचार
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 7, अंक-49 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 13 जनवरी 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## पढ़िए निवास करने और बस जाने की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार/Fundamental right in India....



सम्पूर्ण भारत राज्य का भ्रमण करना भारत के नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है इसी प्रकार किसी राज्य की संस्कृति या वहाँ का माहौल अच्छा लगता है तब नागरिक जिस राज्य में भ्रमण कर रहा है वहाँ निवास करने के लिए स्वतंत्र होगा क्योंकि संविधान में नागरिकों को भारत के किसी भी राज्यक्षेत्र में निवास करने की स्वतंत्रता प्रदान हैं जानिए।

**भारतीय संविधान अधिनियम, 1950 के अनुच्छेद 19(1)(ङ) की परिभाषा?**

भारत का कोई भी नागरिक भारत के किसी भी कोने में बस जाने या निवास करने के लिए स्वतंत्र है एवं उनके मार्ग में किसी भी प्रकार की बांधा उत्पन्न भी नहीं की जा सकती है लेकिन अगर कोई बाँधा उत्पन्न होती है तो निम्न शर्तो के अनुसार होगी-

**निवास या बस जाने के अधिकार पर राज्य निम्न परिस्थितियों में रोक लगा सकता है-**

1.कोई ऐसा स्थान जो साधारणतया जनता के लिए खतरनाक हो या असुरक्षित हो।

2. या कोई ऐसा स्थान जो अनुसूचित जनजाति के हित में लिए संरक्षण किया गया हो।

उक्त दोनो आधार पर ही राज्य निवास के अधिकार पर प्रतिबंध लगा सकती है।

**विशेष नोट-** किसी वेश्या (बुरे चरित्र वाली स्त्री) या आदतन अपराधी(बार बार अपराध करने वाला व्यक्ति) को निवास या बस जाने के अधिकार पर राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाना संवैधानिक एवं न्यायसंगत होगा।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

## दण्ड प्रक्रिया संहिता की तीन धाराएं आम व्यक्तियों के लिए कितनी महत्वपूर्ण हैं जानिए/Legal Advice.....



किसी संज्ञेय अपराध की एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आम नागरिकों को थाने से लेकर एसपी, कमिश्नर आदि के चक्कर लगाने पड़ते हैं,लेकिन उनकी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाती है। लेकिन न्याय सभी को मिलता है क्योंकि हमारी न्यायपालिका स्वतंत्र न्यायपालिका हैं आज हम आपको कानून की उन तीन धाराओं के बारे में जानकारी देंगे जिसकी जानकारी आम लोगो को होना अति आवश्यक है जानिए।

1. दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 156(3) के अनुसार अगर अपराध संज्ञेय हैं और पुलिस अधिकारी एफआईआर दर्ज नहीं करते है तब पीड़ित व्यक्ति डारेक्ट न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद दायर कर सकता है ।
2. दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 190 के अनुसार मजिस्ट्रेट अपराध का संज्ञान लेगा एवं संज्ञेय अपराध की स्थिति में स्वयं जाँच, अन्वेषण कर सकता है या किसी विशेष अधिकारी को नियुक्त कर सकता है या पुलिस अधिकारी से मामले की रिपोर्ट लेगा।
3. दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 204 के अनुसार मजिस्ट्रेट को आदेश जारी करने की शक्ति प्राप्त होती है अर्थात शिकायत सही पाई गई है तब मजिस्ट्रेट अपराध की एफआईआर दर्ज करवा सकता है, अरोपी को समन, वारण्ट जारी कर सकता है एवं अरोपी की गिरफ्तारी करवा सकता है।

सामान्य शब्दों में कहे तो दण्ड प्रक्रिया संहिता की ये तीन धाराएं आम लोगो को वर्तमान समय में जानना आवश्यक है क्योंकि कुछ भ्रष्टाचार पुलिस अधिकारी द्वारा बहुत से संज्ञेय मामलों में पीड़ित व्यक्ति की एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती हैं।

**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

### मुख्यमंत्री चौहान ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सम्बोधित किया

## स्वस्थ तन और मन के लिए सभी नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में विशेष सशस्त्र बल की 15वीं वाहिनी के मैदान पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि जो जैसा सोचता है और करता है वह वैसा ही बन जाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने आपको कमजोर नहीं समझना चाहिए बल्कि मजबूत समझना चाहिए, तभी वह मजबूत बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियों को समझाइश दी कि वे नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करें। सूर्य नमस्कार में सभी तरह के आसन शामिल हैं। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री मधु वर्मा, कलेक्टर श्री टी इलैयाराजा सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और विद्यार्थी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि



सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास से हमारे तन के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। सब काम हाथों की लकीरों से नहीं बल्कि माथे के पसीने से संभव हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो हम ठान लेते हैं, वह कर ही लेते हैं। जैसे इंदौर वासियों ने ठान लिया तो इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बना लिया, जिसे देखने आज विदेशों से लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने भी मध्यप्रदेश को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने की ठान ली है, तो ऐसा करके ही दम लेंगे।

## मध्य प्रदेश के लघु पत्र-पत्रिकाओं के साथ सौतेला व्यवहार, जनसंपर्क विभाग के विरुद्ध पत्रकारों की बड़ी बैठक 15 को भोपाल में

भोपाल। मध्य प्रदेश में लघु पत्र-पत्रिकाओं के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जनसंपर्क विभाग जहां नित्य नए-नए नियम थोपकर इन छोटे पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन बंद करने के लिए मजबूर कर रहा है वही छोटे पत्र-पत्रिकाओं को साल में मात्र दो विज्ञापन देकर रस्म अदायगी की जा रही है उक्त विज्ञापन के लिए भी लोगों को परेशान किया जाता है गत 10 जनवरी को भोपाल स्थित जनसंपर्क विभाग के संभागीय कार्यालय में नियमिता लेने के लिए पत्रकारों को लाइन में खड़ा किया गया आपाधापी मचने के दौरान चाकूबाजी जैसी घटना घटित हुई जिसको लेकर पत्रकारों में भारी नाराजगी है पत्र-पत्रिकाओं को नियमित विज्ञापन देने तथा इनसे जुड़े पत्रकारों को संपूर्ण सुविधाए मुहैया कराए जाने के संदर्भ में स्वतंत्र पत्रकार परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। स्थान श्री राम मंदिर गुरबख्श की तलैया मनोहर डेरी के पीछे भोपाल।दिनांक 15 जनवरी 2023 ।समय दोपहर 1ः00 बजे। पत्र-पत्रिकाओं के संचालकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर निर्णायक भूमिका की रूपरेखा तय करें अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9340952133 पर संपर्क कर सकते हैं।

## फोस्टरिंग एक्सपोर्ट्स फ्रॉम एमपी सेशन में व्यापार संवर्धन पर हुआ मंथन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भविष्य में भारत के टॉप-3 एक्सपोर्ट स्टेट में शामिल होगा। मध्यप्रदेश से पिछले साल की अपेक्षाकृत ज्यादा एक्सपोर्ट हुआ है। प्रदेश के इलेक्ट्रानिक उपकरण, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, सोया, गेहूँ सहित कृषि, मसाला, कॉटन यार्न एवं अन्य क्षेत्रों में निर्यात के बेहतर अवसर होंगे। यह बात अतिरिक्त सचिव, डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड श्री संतोष सारंगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में ÷फोस्टरिंग एक्सपोर्ट्स फ्रॉम एमपी÷ सेशन में निवेशकों से कही। श्री सारंगी ने कहा कि मध्यप्रदेश के एक्सपोर्ट में रेवेन्यू बढ़ाने के लिए रॉ मटेरियल के स्थान पर फाइनल प्रोडक्ट पर फोकस करेंगे। कॉटन यार्न के स्थान पर फैब्रिक और अपेरल, सोयाबीन के स्थान पर सोयाबीन उत्पाद, मसाले, होम फर्निशिंग प्रोडक्ट और जेम्स और ज्वेलरी प्रदेश के एक्सपोर्ट में अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने सभी निवेशकों से प्रदेश में निवेश कर विकास में भागीदार बनने का आग्रह किया। प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश का वित्तीय वर्ष में 2021-22 में एक्सपोर्ट 58 हजार 407 करोड़ का रहा है। काबुली चना, सोयाबीन, फार्मा, टेक्सटाईल और कृषि उत्पादों में प्रदेश अग्रणी रहा है। मध्यप्रदेश से 200 से भी अधिक देशों में निर्यात होता है। इसमें अमेरिका, बांग्लादेश और चीन में सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट किया जाता है। प्रदेश में नए उद्योग लगाने और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उत्पाद निर्मित करने की अपार संभावनाएँ हैं। राज्य शासन की नीतियाँ सभी निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए सदैव सहयोगात्मक रही है।

## टॉप-3 एक्सपोर्ट स्टेट में शामिल होगा मध्यप्रदेशः अतिरिक्त सचिव श्री सारंगी

### निवेशकों के लिये सरकार का रूख सकारात्मक




**मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिये अनुकूल माहौल**

इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमेन श्री अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि मध्यप्रदेश का व्यापार संवर्धन में अत्यधिक सहयोगात्मक रूख रहा है। प्रदेश पॉवर सरप्लस स्टेट है। यहाँ रॉ मटेरियल की बहुतायत है। केन्द्र सरकार की मदद से एमएसएमई सेक्टर में बहुत अधिक प्रोग्रेस की जा सकती है।

### निवेशकों को मिलेगा बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रौ-एक्टिव ब्यूरोक्रेसी का लाभ

फोस्टरिंग एक्सपोर्ट्स फ्रॉम एमपीꠓ सेशन में फ्लेक्सीटफ ग्रुप के श्री सौरभ कलानी ने कहा कि मध्यप्रदेश के व्यापार को और अधिक संवर्धित करने के लिये 3-क्क-परफार्मेंस पॉलिसी और परसेप्शन पर काम करना होगा। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बहुत अच्छी है। वर्क फोर्स की कमी नहीं है और यहाँ की ब्यूरोक्रेसी प्रौ-एक्टिव है। राज्य सरकार द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम से क्लीयरेंस हो रहा है। फास्ट डिसीजन लिये जा रहे हैं। श्री कलानी ने कहा कि एक्सपोर्ट्स को ट्रांसपोर्ट सब्सिडी मिलती है तो निर्यात और अधिक बढ़ने की संभावनाएँ बढ़ेगी।

**ब्रांडिंग को बढ़ावा देने की जरूरत**

*डीएमएल ग्रुप के प्रमोटर श्री हरीश लखनी ने कहा कि मध्यप्रदेश को अपने उत्पादों की ब्रांडिंग करनी चाहिए। मध्यप्रदेश में बेहतर कार्य हो रहा है। यहाँ टेक्सटाईल की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के साथ ही पार्टनरशिप के द्वारा कम्पनियाँ स्थापित कर प्रमोट करने की आवश्यकता है।*

## मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आप सब आमंत्रित हैः केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कुलस्ते

**भोपाल।** केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि मध्यप्रदेश में निवेशक आमंत्रित है। उन्होंने कहा कि सोशल इन्फ्रा-स्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम करने की बहुत संभावनाएँ हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कुलस्ते ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश के दूसरे दिन ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में ÷सोशल इन्फ्रा-स्ट्रक्चर फाइनेसिंग÷ सत्र को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कुलस्ते ने निवेशकों से कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि अनेक क्षेत्र है, जहाँ पर काम करने की संभावनाएँ हैं। सामाजिक-आर्थिक विकास में आगे बढ़ने के लिए लोगों को जागरूक करने की, प्रेरित करने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, कौशल विकास सहित अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले निवेशक, फाउन्डेशन, संस्थान पहले यह तय करें कि वे कहाँ और क्या करना चाहते हैं। क्षेत्र को चिन्हित कर कार्य-योजना बनाकर कार्य करें। सरकार उन्हें हरसंभव मदद करेगी। एसीएस कृषि विकास एवं किसान कल्याण श्री अशोक वर्णवाल ने ÷सोशल इन्फ्रा-स्ट्रक्चर फाइनेसिंग÷ सत्र के शुभारंभ में मध्यप्रदेश के वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य पर प्रेजेन्टेशन दिया। उन्होंने प्रदेश में शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण, कृषि एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अनेक कार्यक्रम का सफलता से संचालन किया जा रहा है। जल जीवन मिशन में हर घर टेप वाटर सप्लाई से पेय जल उपलब्ध कराने में मध्यप्रदेश का बुरहानपुर जिला देश का पहला जिला बना है।



# संत रविदास कल्याण फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री बने : मुकेश अहिरवार



**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

भोपाल। संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री महेश नंदमेहर जी ने राजगढ़ जिला के सक्रिय समाजसेवी एवं पत्रकार श्री मुकेश अहिरवार को राष्ट्रीय फाउंडेशन का प्रदेश महामंत्री फाउंडेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री मूलचन्द मेधोनिया की अनुशंसा पर बनाये गये है। उल्लेखनीय है कि रविदास वंशीय समाज के सक्रिय व निष्ठावान श्री मुकेश अहिरवार अपने जिला सहित प्रदेश भर की रविदास वंश में आने वाले 14 कंडिका में आने वाली सभी समाज की सेवा भावना को देखते और काम करने के लिए उन्हें फाउंडेशन का प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किये गये है। फाउंडेशन के समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारीगणों ने श्री मुकेश अहिरवार को बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित करते हुए कहा कि वह शीघ्र ही फाउंडेशन की गतिविधियों में भाग ले और सामाजिक कल्याण के लिए काम करे। फाउंडेशन द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।





## कोयलांचल नगरी बुढ़ार में हुआ भव्य कलश यात्रा...

# आदर्श कालोनी में होगा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट**

**बुढ़ार।** कोयलांचल नगरी बुढ़ार के आदर्श कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंगलवार 10 जनवरी से आरंभ हुआ जिसमें महिला मंडल कमेटी व आयोजन मंडली के द्वारा भव्य कलश यात्रा का अयोजन किया गया। कलश यात्रा की शुरुआत आदर्श कालोनी से आरंभ किया गया जिसके बाद कालेज तिराहा से होते हुए नगर पंचायत से होते हुए अमलाई चौक कोतमा रोड से श्रीराम जानकी मंदिर मैन रोड, होते हुये रेलये मार्केट से होते हुए यज्ञ स्थल में जा कर कलश यात्रा का समापन किया गया जिले की कोयलांचल नगरी बुढ़ार में आयोजित उक्त कार्यक्रम के बारे में मुख्य आयोजक महिला मंडल समिति के संचालक संतोषी गौतम,सरोज जांगिड़,प्रीति केशरवानी, रुद्राणी पांडेय,अनिता मिश्रा द्वारा बतलाया गया कि देवपूजन प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथास्थल आदर्श कालोनी, बुढ़ार में रामबालक जी महाराज के सानिध्य में कथाव्यास आचार्य श्री कृष्णेन्द्र जी महाराज (वृन्दावन उपासक) बकिया, जिला-सतना (म.प्र.) के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2023, मंगलवार कलश यात्रा, देवपूजन, श्रीमद् भागवत महापुराण बैठकी एवं कथा महात्म्य दिनांक 11 जनवरी 2023, बुधवार श्री भगवान चरित्र, कपिलोपाख्यान एवं ध्रुव चरित्र दिनांक 12 जनवरी 2023, गुरुवार, श्री जड़ भारत कथा, अजामिलोपाख्यान एवं भक्त प्रहलाद चरित्र दिनांक 13 जनवरी 2023, शुक्रवार, श्री वामन चरित्र, श्री राम चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव, दिनांक 14 जनवरी 2023, शनिवार -श्री कृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, दिनांक 15 जनवरी 2023, रविवार महारासलीला, गोपी उद्धव संवाद एवं श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह,दिनांक 16 जनवरी 2023, सोमवार ङ्क श्री सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन एवं हवन दिनांक 17 जनवरी 2023, मंगलवार, ब्राम्हण भोजन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति सराहनीय रहेगी।



## अनुभूति कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को कराई गई सिंगौरगढ़ किले एवं जलाशय की सैर


*दमोह। जिले के सिंग्रामपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन सिंगौरगढ़ किला परिसर में सिंगौरगढ़ जलाशय में किया गया। जहां स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सिंगौरगढ़ किले समेत अन्य स्थानों की सैर कराई गई। उन्हें वन संपदा जैसे औषधीय पेड़-पौधों, कीमती लकड़ी, जंगली जानवरों सहित कई रोचक जानकारी दी गई। इस मौके पर जबेरा, चोपरा के स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं। जिनका तत्काल समाधान वन विभाग के मास्टर्स ट्रेनर्स एवं आधिकारियों द्वारा किया गया। अनुभूति कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं डीएफओ महेंद्र सिंह उईके ने अनुभूति कार्यक्रम की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी और उनके अनुभव को भी जाना। इसके उपरांत एसडीओ रेखा पटेल ने भी छात्र-छात्राओं को रोचक जानकारी दी।*



# मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश अहिरवार बनाये गये।

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

भोपाल। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस संगठन के प्रदेश सचिव के पद पर जिला पन्ना के गन्नौर विधानसभा अनुसूचित जाति सुरक्षित क्षेत्र के जनप्रिय नेता और पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री तातूराम अहिरवार जी के पुत्र व वर्तमान में ग्राम पंचायत झरकुआ के सरपंच पद पर प्रचंड बहुमतों से जितने वाले ओमप्रकाश अहिरवार की सामाजिक रुचि एवं सक्रियता को देखते हुए मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस का प्रदेश सचिव कांग्रेसाध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खडगे जी एवं श्री राहुल गांधी जी की भावना एवं विचारधारा को फैलाने हेतु श्री कमलनाथ जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जी के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिनेश गुर्जर जी ने ओमप्रकाश अहिरवार जी को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त प्रदान की है मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री गुर्जर ने नए नियुक्ति कांग्रेस किसान संगठन के प्रदेश प्रभारी श्री रामशरण राणा जी, श्री महेश नंदमेहर प्रदेश प्रवक्ता मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस, और कमल प्रताप सिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस की गरिमामयी उपस्थित में मध्यप्रदेश कांग्रेस मुख्यालय भोपाल में श्री ओमप्रकाश अहिरवार जी की नियुक्ति की गई। किसान कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें यह नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित की है।






# देवीदययाल अहिरवार को चन्दला विधानसभा से प्रत्याशी बनाया जाने की उठ रही मांग।

## विधानसभा क्रमांक 49 से कांग्रेस 2023 के चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाये।

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** जिला छतरपुर मध्यप्रदेश के देवीदययाल अहिरवार निवासी नदौता विकास खंड गौरिहार को उनकी सक्रियता और समाजसेवा को देखते हुए। क्षेत्रीय जनता और कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों द्वारा मांग की जा रही है कि विधानसभा क्रमांक 49 से कांग्रेस 2023 के चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाये। कांग्रेस के समर्थन से वर्तमान में देवीदययाल अहिरवार जिला पंचायत सदस्य है। जो कि अभी उन्होंने भारी मतों से विजयी हुये है। ये कांग्रेस के जिला महामंत्री के पद पर है। तथा क्षेत्र में 25 वर्ष से सक्रिय होकर कार्यरत है। इनके पिता पूर्व में पंचायत नदौता से दो बार सरपंच भी रहे है, व 20 सूत्रीय कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। कांग्रेस के स्थानीय नागरिकों और सहित कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आकाश चौरसिया, बारीगढ, जयन्येद्र श्रीवास्तव ब्लाक अध्यक्ष बछौन, जीतेन्द्र दीक्षित ब्लाक अध्यक्ष चंदला, महेश कुमार पटेल ब्लाक अध्यक्ष सरबई, कमलनेत्र शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष गौरिहार, इत्यादि विधानसभा क्षेत्र चंदला क्रमांक 49 के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मांग की जा रही है कि देवीदययाल तनय झल्लू अहिरवार को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया जाये जो कि प्रबल दावेदार और सक्रिय रूप से समाज में निरंतर काम करने वाले है। ये अनुसूचित जाति वर्ग के अलावा सभी समाज में अच्छी पकड़ के साथ ही ईमानदार की छाप है।




# परिसंघ ग्वालियर की कार्यकारिणी घोषित

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**ग्वालियर।** 8 जनवरी 2023 अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर ए आर सिंह द्वारा ग्वालियर जिले के जिला अध्यक्ष तरुण राजोरिया को परिसंघ जिला ग्वालियर का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर श्री राजोरिया द्वारा अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की जिसमें उपाध्यक्ष जितेंद्र कासोटिया, रमन अंब, रमेश परिहार, धर्मेंद्र सिंह सगर, महासचिव सुरेश पहलवान, कप्तान सिंह उचाडिया, विक्रम अहिरवार जिमी नरवरिया सचिव डी एन नॉर्वे, संजीव जाटव, सुधीर कुमार कोषाध्यक्ष बलवंत मिलन सह सचिव हरीश करोठया, राजकुमार, अनिल कुमार, बीके राजे कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री आर पी मनकेलिया, एम एस मरैया, लक्ष्मी नारायण जाटव, रामअवतार राजोरिया, राजेंद्र पक्षवार, अमर सिंह मौर्य, रामरतन जाटव, भगवत दयाल कुरेचया, महेश कुमार रत्नाकर, दारा सिंह कटारे, श्रीमती सुनीता राजोरिया, बृज किशोर वर्मा, भारत सिंह खन्ना, योगेश आर्य, मनीराम कैन,मंगल सिंह जाटव, राजेंद्र मानव,बालमुकुंद गर्ग, लक्ष्मण किचोलिया, मुकेश नागर बनाए गए सभी जिला पदाधिकारियों को परिसंघ के प्रांतीय प्रवक्ता एडवोकेट जयंतीलाल जाटव, बसंत खरे, इंजी आशीष रायपुरिया इंजीनियर केवी दोहरे संभागीय अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी डॉक्टर राजेश गौर, मुकेश सिंघानिया, जे एन नागर, महाराज सिंह राजोरिया,आर एल पिप्पल, अग्निहोत्री डॉ. वीर सिंह खरे, डॉक्टर जबर सिंह अग्र,प्रियंका अटारिया, अशोक मंगल, मानसिंह माहोर, कमल सिंह, मलखान त्रिपाठी,प्रमिला चंदेरिया अतुल शाक्य आदि ने संपूर्ण कार्यकारिणी को बधाई दी है भवदीय जयंती लाल जाटव एडवोकेट प्रांतीय प्रवक्ता अखिल भारतीय परिसंघ मध्य प्रदेश के द्वारा उक्त सदस्यों की सूची जारी की है।

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के परिसंघ मध्यप्रदेश के असंगठित कामगार प्रकोष्ठ परिसंघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष श्री मूलचन्द मेधोनिया के द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित की है।



आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के महेश नंदमेहर एवं हफीज खान झुग्गी बस्ती के लोगों की समस्या सुनने पहुंचे।

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता श्री महेश नंदमेहर एवं भोपाल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री हफीज खान सहित श्री मूलचन्द मेधोनिया सहसंपादक कबीर मिशन समाचार पत्र ने टी. वी. हास्पिटल के यहाँ अनेक वर्षों से गरीब मजदूरों की बस्ती है। जहाँ के सभी लोगों के आवासों का सर्वे नही किये गये है। तथा उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान और उनकी झुग्गी-झोपड़ी को नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा सूने घरों में जाकर तोड़ फोड़ व घर गृहस्थी का सामना नष्ट किया जा रहा है।

उक्तशाय की समस्या को लेकर गरीब लोग परेशान हो रहे है। सरकार द्वारा गरीबों को शासकीय योजनानुसार मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर संचालित है। वहीं दूसरी ओर नगरीय निकायों में झुग्गीवासियों को विस्थापन व पुनर्वास योजना के तहत लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर





भेजा जा रहा है। जिससे उनकी परिवार बहुत परेशानियों में है। रोज रोटी और उनके बच्चों का भविष्य खराब किया जा रहा है। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष को झुग्गी निवासी महिलाओं और पुरुष सभी ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जबरन झुग्गी तोड़ी जा रही है। तथा सर्व न कर हटाने का षडयंत्र कर डरा धमकाया जा रहा है। यहां के लोगों ने फैसला लिया है कि नगर निगम द्वारा यदि ईमानदारी से सर्व नही किया और सभी मूल निवासियों का घर नहीं दिया गया तो वह आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगें। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री हफीज खान ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए उनके लिए सरकार व भोपाल नगर निगम से उनके लिए न्याय की मांग की है।

# नगर परिषद प्रांगण मे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

**डूमरकछार/पौराधार।** नई सोंच नई उम्मीद के सांथ नगर व क्षेत्र के आस पास की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए नेहरू युवा केन्द्र (युवा एवं खेल मंत्रालय) अनूपपुर एवं संधान ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिए जाने के लिए सिलाई केन्द्र का शुभारंभ नगर परिषद डूमरकछार प्रांगण मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष सुश्री कंचना मेहता द्वारा किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया ने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबन के दृष्टिकोण से सिलाई के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए इस निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है,महिलाओं बेटियों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने से सशक्त समाज का जहां निर्माण होगा। वहीं नारी सशक्तीकरण को भी बल मिलेगा,महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक प्रयास है,ताकि महिलाएं प्रशिक्षित होकर अपना स्वरोजगार कर सकें और आय के साधनों से प्रत्यक्ष रुप से जुड़ सकें,महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण वार्ड क्रं-14 की पार्षद एवं ट्रैनर पार्वती गोंड द्वारा दी जाएगी, उक्त शुभारंभ समय पर सभापति रवि सिंह,जीतेन्द्र कुमार चौहान पार्षद राकेश दीवान,विजेंद्र देवांगन, सरिता यादव नगर की बेटी - नीतू तिवारी,पिंकी पनिका, रिंकी पनिका, सीता, मोनू यादव, रानी, गीता एवं कहीं बालिकाएं एवं महिलाएं जो प्रशिक्षण लेंगी उनके सहित समेत नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र नगर परिषद डूमरकछार क्षेत्र अंतर्गत उपलब्ध कराने में नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. आर.आर.सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनके संरक्षण एवं मार्गदर्शन में यह केंद्र संचालित किया जाएगा।

# भाजयुमो के द्वारा यंग इंडिया रन मैराथन का आयोजन किया गया

**मनेंद्रगढ़ - कैलाश कुमार**

**मनेंद्रगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा और युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला एमसीबी के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह के नेतृत्व में विवेकानंद जयंती युवा दिवस अवसर पर जिला एम.सी.बी. के मनेंद्रगढ़ में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भाजयुमो ने करवाया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी जी, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जयसवाल जी तथा पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले जी थी उक्त कार्यक्रम में 109 प्रतिभागियों भाग लिया, सभी ने बहुत ही उत्साह के साथ तथा युवा जोश के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेंद्र सिंह खड़गवां राशि 4000/-, द्वितीय स्थान सुखनंदन सिंह खड़गवां राशि 2500/- तथा तृतीय स्थान भगवान सिंह राशि 1500/- प्राप्त किया एवम महिलाओं में प्रथम सुशीला खड़गवां राशि 2100/-, द्वितीय वंदना सिंह मनेन्द्रगढ़ राशि 1500/-, तृतीय स्थान प्रतिमा देवी कोड़ा राशि 1100/- रु प्राप्त किया। कार्यक्रम में 15 प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मोर्चा के सभी साथी रूबी पासी, अभय जयसवाल अंकित शर्मा, जलील शाह, कोमल पटेल, अखिलेश मिश्रा, आनंद ताम्रकार, रामप्रताप साहू, दिलीप सेन,गणेश सिंह, ईशा दास,विजेंद्र मिश्रा,सूरज चंदेल, विजेंद्र मिश्रा,धीरज मौर्य,संजय यादव, धर्मपाल सिंह, जितेंद्र यादव, अनीश सिंह,हिमांशु श्रीवास्तव, सौरभ जैन, तथा अन्य साथियों ने किया और मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला जी ने किया। भारतीय जनता पार्टी से मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, पूर्व पार्षद जमील शाह, जिलामंत्री सरजू यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिमा पटवा, कोषाध्यक्ष आशीष मजूमदार, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष जया कर, पूर्व मंडल महामंत्री आशीष सिंह, चिरीमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव,प्रदेश मंत्री गोमती द्विवेदी, कृति वासु एवम,मनोज केसरवानी, अजय विश्वकर्मा, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 69 वी राज्य स्तरीय वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए जिला अनूपपुर के खिलाड़ियों का चयन।

## संतोष सिंह जोनल सचिव के देखरेख में हुआ खिलाड़ियों का चयन



**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

अनूपपुर। 69 वी राज्य स्तरीय वालीबॉल चैंपियनशिप में अनूपपुर के खिलाड़ियों का चयन दिनांक 7 जनवरी को जिला खेल परिसर अनूपपुर में जोनल सचिव एवं राष्ट्रीय निर्णायक संतोष सिंह उमरिया के द्वारा किया गया इस चयन कमेटी में संतोष सिंह उमरिया रामचंद्र यादव , सोमनाथ प्रचेता , दिनेश कुमार सिंह चंदेल , रमेश तिवारी , हरिशंकर यादव , विनोद पांडे के द्वारा किया गया खेल ग्राउंड में अभ्यास मैच के पश्चात उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग में विक्रांत सिंह चौहान, विक्रांत प्रताप सिंह, सत्येंद्र, अजय यादव ,सुनील समुद्रे, विपिन शुभम मलिक, सुमित तिवारी, सुनील सिंह, अखिलेश सिंह ,दीपांशु सिंह, सचिन सिंह एवं प्रतीक्षा सूची में अनिरुद्ध सिंह पुष्पेंद्र जहान्वी पांडे है महिला वर्ग में शालिनी सिंह, तान्या केवट, नेहा साहनी, खुशी राजेश नंदिनी सिंह ,चांदनी सोनम, लीलावती रानू देवी, विमलेश्वर, प्रेमवती एवं कलावती प्रतीक्षा सूची में सोनिया जायसवाल, गायत्री पेन्द्राम, आरती धुर्वे का चयन हुआ है इसमें निर्णायक की भूमिका दिनेश कुमार सिंह चंदेल स्टेट रेफरी एवं जितेंद्र पनिका अतुल यादव के द्वारा किया गया इनके चयन होने पर जिला वालीबाल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव , अरुण कुमार सिंह , आशीष त्रिपाठी , पंकज अग्रवाल एवं जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह , रामखेलावन राठौर , उपाध्यक्ष अमित शुक्ला विनोद सोनी सोमनाथ प्रचेता रमेश तिवारी विनोद पांडे सचिव रामचंद्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सह कोषाध्यक्ष उमेश राय सहसचिव दिनेश कुमार सिंह चंदेल ,मिथिलेश सिंह नेताम, सत्येंद्र स्वरूप दुबे, हरिशंकर यादव एवं राजनगर से वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनोज चंदेल बिजुरी से उर्मिला सिंह ,डिंडौरी से पूजा, उमरिया फरियाजखान सुखना सिंह पेंदाम खेल विभाग के बाबू अजय मंडलोई पूरन सिंह श्याम आदि लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# कृषि की नवीन पद्धति को अपनाकर पुनिया की आय हुई दुगुनी



**शहडोल - कैलाश कुमार**

शहडोल। जनपद पंचायत बुढार के ग्राम बिरूहली निवासी श्रीमती पुनिया सिंह पति श्री बिहारी सिंह ने पहले धान, गेंहू की खेती करते थें। श्रीमती पुनिया का कहना है कि पहले हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नही जिससे परिवार का भरण-पोषण करने मे काफी दिक्कते होती थी। एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा गांव भ्रमण हुआ और उन्होंने कृषि के नवीन पद्धति से खेती करने की सलाह दी। श्रीमती सिंह का कहना था कि पति के साथ आत्मा परियोजना( कृषि विज्ञान केंद्र ,कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के सतत संपर्क में रहते हुए परंपरागत सुगन्धित देशी धान किस्म केराखान का संरक्षण किए हुए है साथ ही वह उसका श्री विधि से जैविक उत्पादन कर रहे है व फास्फोरस घुलनशील बैक्टेरिया के इस्तेमाल से समृद्ध कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर सम्पूर्ण खाद का उपयोग अपने खेतो की उपजाऊ शक्ति को बनाये रखने एवं खेती की लागत को कम करने के लिए कर रहें हैं। श्रीमती पुनिया सिंह ने कहा कि मै और अपने पति के साथ हल्दी मकाई व अन्य फसल की खेती नवीन पद्धति से कर अपनी आय को पहले से अब दुगुनी कर लिये है और अपने बच्चों की पढ़ाई बेहतर ढंग से करा रहे है । श्रीमती पुनिया सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान , जिला प्रशासन को इस तरह के योजना चलाने के लिए तहेदिल से धन्यवाद दिया।

# लघु तालाब योजना से तेजभान के जीवन में आई खुशहाली

**शहडोल - कैलाश कुमार**



शहडोल। जिले के जनपद पंचायत बुढार के सुदूरवर्ती ग्राम मलया निवासी तेजभान सिंह को शासन द्वारा लघु तालाब योजना के तहत सहायता प्रदान की गई। जिससे वे लगभग डेढ़ निजी भूमि में लघु तालाब का निर्माण कर अपनी तीन एकड़ की भूमि में सिंचाई कर वर्ष में एक लाख रूप्ये का लाभ खेती के माध्यम से कमा रहे है। तेजभान सिंह का कहना है कि सिंचाई की सुविधा नही होने से पहले बमुश्किल जीविकोपार्जन हेतु खेतों से अनाज पैदा हो पाता था परन्तु पर लघु तालाब बन जाने से खेती की भूमि में सिंचाई कर अच्छे ढंग से खेती करने में सहूलियत मिली है और वर्ष में एक लाख के लगभग अनाज का विक्रय कर अतिरिक्त लाभ ले रहा हूं। इस तालाब के बन जाने से मेरे परिवार में जहां खुशहाली आई है वहीं मेरे जैसे छोटे कृषक की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सिंचाई की सुविधा मिल जाने से भविष्य में सब्जी, भाजी एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में विस्तार करूंगा और खेती को लाभ का धंधा बनाने में सुविधा मिलेगी जिससे आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी तथा घर बैठे कमाई का जरिया बन जाएगा। उन्होंने अन्य लोंगो से भी लघु तालाब योजना का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ करने का अ०?हान करते हुए प्रदेश सरकार की इस योजना की प्रशंसा की।

# सुहागपुर ने केके 11 बुढार को 5 विकेट से हराया तो चीफ हाउस धनपुरी ने सोहागपुर को 6 विकेट से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश की

**गंगाधर चौधरी**



शहडोल। शहडोल जिले के बुढार कृषि उपज मंडी में चल रहे स्वर्गी कृष्ण पल सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच सुहागपुर एवं केके इलेवन बुढार के मध्य 1515 ओवरों का रोमांचक मैच खेला गया द्य टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केके इलेवन बुढार ने 15 ओवरों में 177 रन बनाकर ऑल आउट हो गई द्य जिसमें सत्यम ने 23 गेंदों में शानदार 62 रन बनाए द्य जवाबी पारी खेलते हुए सोहागपुर के बल्लेबाजों ने धुआंधार बैटिंग करते हुए 5 विकेट से मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई इसरार कुरैशी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 6 आसमानी छक्के 11 चौके की मदद से 44 गेंदों में शानदार 92 रन की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच रहे द्य रविवार को टूर्नामेंट का प्रथम सेमीफाइनल मैच सुहागपुर एवं चीफ हाउस धनपुरी के मध्य 15 15 ओवरों का मैच खेला गया द्य टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चीप हाउस धनपुरी ने 15 ओवरों में 6 विकेट गवांकर 250 रन का विशाल स्कोर रखा जिसमें आशिक अली ने 49 गेंदों में 15 आसमानी छक्के 12 चौके की मदद से शानदार 149 की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच रहे द्य मैन ऑफ द मैच के मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती जूली जैन रही जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ युवा अधिवक्ता मोहम्मद हारुन अंसारी ने की द्य अतिथि के रूप में नगर निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्र नसीर राजा अनूप सिंघानिया मोहम्मद इश्तियाक खान किशन चतुर्वेदी नसीम नियाजी रहे।

# रजनी बी का पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**शहडोल - कैलाश कुमार**



शहडोल - ग्राम दियापीपर के रहने वाली रजनी बी पति मो0 शब्दर का प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाकर पक्के मकान का सपना साकार हो गया। उन्होंने बताया कि उनका कच्चा मकान था बरसात के मौसम में जगह-जगह पानी आ जाता था जिससे परिवार को बहुत कठिनाई होती थी । प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में पंचायत सचिव द्वारा जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने आवास योजना के लिये आवेदन दिया और आज उनका पक्के मकान



का सपना साकार हुआ। अब वे अपने परिवार सहित पक्के मकान में बिना किसी समस्या के रह रही है वे और उनका परिवार, बच्चे सभी बहुत खुश है। श्रीमती रजनी बी ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ कार्यक्रम सम्पन्न

## संकल्प महाविद्यालय मे हुआ वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम

**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

अनूपपुर - जिला मुख्यालय स्थित संकल्प महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मध्यप्रदेश शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री माननीय श्री बिसाहू लाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बृजेश गौतम जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, के द्वारा किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री सुनील चौरसिया नगर परिषद अध्यक्ष डूमरकछार, श्रीमति रेनू कोल अध्यक्ष नगर परिषद डोला, श्री रविशंकर तिवारी उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला, श्री जसवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद वनगवां, श्री सिद्धार्थ शिव सिंह नेता भाजपा, श्री राम दास पुरी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा इत्यादि








मौजूद थे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व सरस्वती माता के गीत वंदन के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह द्वारा संकल्प महाविद्यालय में हो रहे विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की गई और साथ ही महाविद्यालय मे पढ़ने वाले मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के संबंध में अपेक्षित सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने संकल्प महाविद्यालय को क्षेत्र के सभी ग्रामीण बच्चों के लिए एक सकारात्मक अवसर के रूप में बताया विशेषकर लड़कियों के लिए जिन्हें घर से बाहर जाकर पढ़ने का अवसर कम प्राप्त होता है ऐसे में यह महाविद्यालय इन सबके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उनके द्वारा संकल्प महाविद्यालय में संचालित विषय मेडिकल, रिसर्च एवं प्रोफेशनल विषय के माध्यम से विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य बनाने मे सहयोग करने की बात कही, जिससे यहां पढ़ाई कर रहे छात्रों को शहरों के समान सुविधाए प्राप्त हो सके। इसी क्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन के रूप में श्री बृजेश गौतम द्वारा संकल्प महाविद्यालय में हो रहे विकासात्मक कार्यों को प्रगतिशील बताया और आने वाले समय में महाविद्यालय मे पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया। नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया द्वारा भी विद्यार्थियो को भविष्य में आगे बढ़ने हेतू प्रेरित किया गया 7 उद्बोधन के बाद महाविद्यालय छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में वार्षिक उत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्थान प्राप्त किए छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मे महाविद्यालय संचालक अंकित शुक्ला के द्वारा किया गया। संकल्प महाविद्यालय के संस्था संचालक अंकित शुक्ला द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के लिए समस्त छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी, और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन कराने संबंधी दिशा निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रिया सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ कमलेश साहू, राजेश पटेल, पुष्पा सिंह, काजल कहार, रिया सोंधिया, रुही गुप्ता, रविप्रकाश पटेल एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं एवं अभिवावक इत्यादि मौजूद थे।



# अजाक्स द्वारा अपने हक व अधिकारों के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**कैलाश कुमार**

सागर। मध्यप्रदेश अजाक्स के महासम्मेलन दिनांक 12.06.2016 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के हितार्थ में अनेक घोषणाएं की गई थी किन्तु आज तक एक भी घोषणा का पालन न होने से इस वर्ग में आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। इसलिए अजाक्स संघ मजबूर होकर आंदोलन के चौथे चरण में ज्ञापन, धरना, रैली प्रदर्शन के द्वारा आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता है। इसी तारतम्य में अजाक्स भोपाल के प्रांतीय आह्वान पर आज अपने हक एवं अधिकारों तथा संघ की लंबित मांगों के निराकरण हेतु जिला अजाक्स कार्यालय सागर से रैली निकालकर न्यू कलेक्ट्रेट भवन सागर तक माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम नायब तहसीलदार प्रतीक रजक को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि

1. मध्यप्रदेश स्पेशल कौंसिल एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री मनोज गोरकेला द्वारा बनाये गये नवीन पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जाए।
2. बैकलॉक के रिक्त पदों की पूर्ति की जावे।
3. आउटसोर्सिंग प्रथा बंद करने एवं यदि अपरिहार्य स्थिति में लागू करना आवश्यक हो तो इसमें आरक्षण लागू किया जावे एवं सफाई कामगार के पद से रोस्टर प्रणाली पूर्णतः समाप्त हो या उसे म.प्र. में शिथिल किया जावे। एवं माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा क्र. 2050 दिनांक 12.06.2016 नियमित नियुक्ति के अलावा संविदा एवं दूसरी तरह की सभी नियुक्तियों पर भी आरक्षण लागू किया जावे।
4. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर दी जावे।
5. मध्यप्रदेश के लोकसेवकों के हितों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू की जावे।
6. आरक्षण अनुसार पी.एस.सी. पास अतिथि विद्वानों को नियमितीकरण किया जावे।




7. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कलयाण हेतु विशेष घटक योजनाओं में प्रावधानित बजट की शत प्रतिशत राशि का हितग्राही मूलक मद में ही व्यय किया जावे।
8. चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सा महाविद्यालयों का स्वशासीकरण कर विषयवार एवं कालेजवार एकल पोस्ट समाप्त किया जावे।
9. चतुर्थ श्रणी के रिक्त पद नियमित पदस्थापना भरे जाने के संबंध में।
10. लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संवैधानिक अनुच्छेद 16 (4) (क एवं ख) की निर्धारित म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों/जनजातियों एवं अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 का उल्लंघन कर की गई चयन प्रक्रिया में संशोधन करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पदों को आरक्षित किया जावे।
11. वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्र. 569 भोपाल दिनांक 6 अक्टूबर 2018 एवं इसके आधार पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित म.प्र. राजपत्र असधारण क्रमांक 440 भोपाल दिनांक 2 अगस्त 22 में मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 तथा संशोधित किया जावे।
12. अनुसूचित जाति-जनजाति विशेष बैकलॉग भर्ती अभियान के तहत म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उच्च शिक्षा विभाग के महाविद्यालयों में वर्ष 2004 से 2006 के मध्य नियुक्त सहायक प्राध्यापकों के साथ हो रहे भेदभावों को संज्ञान में लेते हुए उचित न्याय दिलाया जाए।

ज्ञापन सौपने वालों में अनिल लारिया संभागीय अध्यक्ष, गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष, चन्द्रभान रोहित तहसील अध्यक्ष सागर, आर.के. सुमन, संभागीय महासचिव, रामचरण अहिरवार, समीष अहिरवार, ए.के. कोरी, अशोक डागोर, संतोष बाबा कर्रापुर धाम, महेश अहिरवार, लीलाधर अहिरवार, हरिदास अहिरवार, बलराम खटीक, प्रीतम अहिरवार, एम.एल. चौधरी, वीरेन्द्र करोसिया, प्रदीप अहिरवार, कमलेश डागौर, उमेश खरारे, अनिल कारोसिया, आकाश करोसिया, श्रीमति जयश्री अहिरवार, श्रीमति ममता रोहित, श्रीमति जयंती अहिरवार, गोटीराम अहिरवार, सुखदेव अहिरवार, बलराम अहिरवार, नीरज करोसिया, मूरत अहिरवार, एम.एल. चौधरी, वीरन्द्र महावी, हुकम सिंह अहिरवार, सुरेन्द्र कछवाहा, महेन्द्र राय, ईश्वर अहिरवार, भूपेन्द्र घारू, अशोक कुमार राय, राजेन्द्र सनकत, कमलेश मछंदर, महेन्द्र चौधरी, दिनेश अहिरवार, एस.आर. आठिया, राजेन्द्र अहिरवार, वीरेन्द्र अहिरवार, राकेश लडिया, अशोक नहारिया, सुरेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे।

## सम्पूर्ण मप के समस्त ब्लाकों में माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं महामहिम राज्यपाल मप्र सरकार के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया गया



**सतना - कैलाश कुमार**

सतना। दिनांक 08/01/2023 को समय दोपहर 2 बजे के बाद प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त ब्लाकों में माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश सरकार के नाम सम्बोधित ज्ञापन माननीय अनुविभागीय अधिकारी महोदय रामपुर बघेलान को सौंपा गया।जिसमें प्रमुख रूप से अजाक्स संघ जिला इकाई से अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष आदरणीय रामकलेश साकेत,कोषाध्यक्ष जवाहर लाल साकेत,जिला सचिव संतोष कुमार अरिहा ,जिला सचिव अमृत लाल साकेत,रामपुर बाघेलान ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति,जितेंद्र दाहिया,दिनेश कोल,अमर रावत, दीपनारायण बुनकर,मुकेश प्रजापति, शिवलाल प्रजापति,अजय प्रजापति, पुष्पेंद्र प्रजापति,अमृतलाल साकेत,राकेश कुमार साकेत,नरेंद्र, हरिशंकर कुशवाहा,गोकरण प्रजापति,दीपक वर्मा, रमेश,शिवम,संदीप,कमलेंद्र,आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।श्री राजकुमार प्रजापति को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्ति पत्र भी दिया गया।

## सुमिता शर्मा बनी अनुपपुर जिला वॉलीबॉल एसोसियेशन की सह सचिव।

**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

अनूपपुर/चचाई में रविवार को एमपीईबी हास्टल में जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सत्र 2022 में किए गए कार्यों एवम् वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया साथ ही एसोसिएशन के सहसचिव सत्येंद्र स्वरूप दुबे द्वारा प्रस्तुत त्याग पत्र को स्वीकार कर समाजिक कार्यों में प्रथम पंक्ति में खड़े रहने वाली पत्रकार सुमिता शर्मा को उनके स्थान पर सह सचिव सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया । सुमिता शर्मा मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रांतीय सयुक्त सचिव,महिला पतंजलि सोशल मीडिया प्रभारी योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की सदस्य एवम् लीनेस क्लब की मीडिया प्रभारी का दायित्व भी निर्वहन कर रहीं हैं।बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के स्कूलों एवम् समस्त गावों में वॉलीबॉल के प्रति खिलाड़ियों और स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे वे देश और प्रदेश को खेल में भी सम्मान दिलाएं।नवनियुक्त सहसचिव सुमिता शर्मा ने कहा कि वॉलीबॉल को जिला अनुपपुर में नई बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए एसोसिएशन हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने अपने नियुक्ति के लिए जिला वॉलीबॉल एसोसियेशन का आभार जताया।उन्होंने कहा कि जिले के स्कूलों में भी खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएंगे, जिससे खेल में बच्चे अन्य खेलों की तरह अपना भविष्य उज्जवल बना सकें। , इनके चयन होने पर जिला वालीबाल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव , अरुण कुमार सिंह , आशीष त्रिपाठी , पंकज अग्रवाल एवं जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह , रामखेलावन राठौर , उपाध्यक्ष अमित शुक्ला विनोद सोनी सोमनाथ प्रचेता, विनोद विंधेश्वरी प्रसाद पांडेय,रमेश तिवारी सचिव रामचंद्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सह कोषाध्यक्ष उमेश राय सहसचिव दिनेश कुमार सिंह चंदेल ,मिथिलेश सिंह नेताम, , हरिशंकर यादव आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।



# भाजपा प्रदेश महामंत्री संभागीय प्रभारी ने जिला पदाधिकारियों की ली आवश्यक बैठक

**कैलाश कुमार**

**शहडोल।** भाजपा मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि शहडोल नगर के कमला नगर स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री शहडोल संभाग प्रभारी श्री शरदेंदु तिवारी जी का शहडोल संभाग प्रभारी बनने के पश्चात प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यालय शहडोल में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया भाजपा कार्यालय शहडोल में पहुंचने पर जिला पदाधिकारियों / भाजपा मंडल अध्यक्षयो / मोर्चा के जिलाध्यक्ष की कामकाजी बैठक ली बैठक में पूर्व में संपन्न हुए कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की आगामी कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन दिया आगामी 12 13 जनवरी को शक्ति केंद्र की बैठक एवं आगे बूथ की बैठक नियमित रूप से करने के निर्देश दिए जिन मंडलों में सुघोश अभियान संपन्न नहीं हुआ है वहां शीघ्र संपन्न करने के लिए कहा गया वही कमला नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय शहडोल पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवम् पदाधिकारियों द्वारा साल श्रीफल साफा एवम् स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री शरदेंदु तिवारी जी का स्वागत अभिनंदन किया




गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री जैतपुर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जयसिंहनगर के लोकप्रिय विधायक श्री जय सिंह मरावी जी भाजपा जिला पदाधिकारी जिला महामंत्री श्री संतोष लोहानी श्री दीपक शर्मा श्री मनोज सिंह आर्म जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष श्री शीतल पोद्दार श्री सुशील शर्मा श्री संजीव प्रताप सिंह श्री राकेश तिवारी श्री भूपेंद्र मिश्रा श्री जागेंद सिंह श्री सातीका तिवारी श्री अशोक मिश्रा जिला मंत्री श्री शक्ति लक्षकार श्री प्रकाश नारायण शुक्ला ,श्रीमती सुनीता तरकीहार, श्रीमती मीना कुशवाहा ,श्रीमती ममता पायसी, जिला कोषाध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता, मीडिया प्रभारी श्री विनय केवट, सोशल मीडिया प्रभारी ,सह श्री रिक्की विश्वकर्मा श्री धर्मेंद्र शुक्ला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री प्रियम त्रिपाठी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री रवि कांत त्रिपाठी ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री रामा शंकर कुशवाहा ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री कमलेश सिंह मार्को , अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री अमित चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा श्री राहत सिद्दीकी ,मंडल अध्यक्ष शहडोल श्री सूर्यकांत मिश्रा, ,सिंहपुर मंडल अध्यक्ष श्री राकेश कुशवाहा ,जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष श्री राम नारायण पांडे, , खैरहा मंडल अध्यक्ष श्री विपुल सिंह , ,जैतपुर मंडल अध्यक्ष श्री सचिन सेठिया सीधी मंडल अध्यक्ष श्री संजय गुप्ता करकी मंडल अध्यक्ष श्री राजेश द्विवेदी, धनपुरी मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत सोनी सहित मंडल महामंत्री एवं मोर्चा प्रकोष्टे पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का सफल मंच संचालन जिला महामंत्री श्री संतोष लोहानी ने किया व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री श्री दीपक शर्मा द्वारा किया गया जिला बैठक पश्चात कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई कोर कमेटी की बैठक प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी श्री शरदेंदु तिवारी जी ने ली बैठक में जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह प्रदेश मंत्री जैतपुर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जयसिंहनगर विधायक श्री जय सिंह मरावी जिला महामंत्री श्री संतोष लोहानी श्री दीपक शर्मा श्री मनोज सिंह आर्मी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# देवभूमि उत्तराखंड का सिस्टम पुरानी आपदाओं से सबक नहीं लेकर नयी मुसीबत को निमंत्रण देता



जगत गुरु शंकराचार्य की तपो भूमि जोशीमठ आज भू-धंसाव के बड़े खतरे के मुहाने पर आ गया है। देश के भू विज्ञानी इसका कारण जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वैसे देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न प्रकार की छोटी व बड़ी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, लेकिन उनमें से वास्तव में बहुत ही कम परियोजनाएं ऐसी होंगी जिसमें प्रकृति के साथ पूरी तरह से सामंजस्य बनाकर के कार्य किया गया हो। हर तरफ अंधाधुंध अव्यवस्थित विकास की अंधी दौड़ में हम व हमारे देश का सिस्टम प्रकृति के साथ कदम ताल मिलाते हुए सामंजस्य बिठाकर कार्य करना भूलता जा रहा है। हालांकि समय-समय पर प्रकृति निरंतर चेतावनी भी देती रहती है, लेकिन फिर भी ना जाने क्यों हम लोगों के व हमारे देश के सिस्टम के कानों पर जूं नहीं रेंगती है। आज उसी का परिणाम यह है कि उत्तराखंड फिर से अंधाधुंध दोहन व अव्यवस्थित विकास का बड़ा खामियाजा भुगतने के मुहाने पर आकर खड़ा हो गया है। उसी लापरवाही के चलते धीरे-धीरे अब जोशीमठ में यह हालात हो गये हैं कि जोशीमठ जैसा प्राचीन शहर कभी भी धंसकर मिट्टी में मिल सकता है, क्योंकि जोशीमठ में जमीन धंसने का सिलसिला अब भी लगातार बढ़ता ही जा रहा है, घरों में व सड़कों पर जमीन धंसने के सबूत के रूप में जगह-जगह बड़े पैमाने पर छोटी व बड़ी दरारें देखी जा सकती हैं। खबरों की मानें तो अब तक लगभग 620 घरों में दरारें आ चुकी है, कुछ जगहों पर दरारों में से जल रिसाव तक भी हो रहा है। रिसाव हो रहे जल को जांच के लिए भिजवाया गया है। इस स्थिति के चलते शहर की बड़ी आबादी के सिर पर ख़तरा मंडरा रहा है। हालांकि प्रशासन अब पल-पल की स्थिति पर नज़र रखे हुए है, उसने ख़तरे वाले बहुत सारे घरों को खाली करवा लिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया, साथ ही प्रशासन ने उस क्षेत्र में चल रहे एनटीपीसी व सड़क के विभिन्न निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पिछले कुछ दिनों से ही लगातार शासन-प्रशासन को चेता रहे थे, लेकिन फिर भी ना जाने क्यों सिस्टम कुंभकर्णी नींद में ही सोता रहा। जिसके चलते ही जोशीमठ क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंकाओं से भयभीत शहरवासी कुछ दिनों से सड़कों पर आंदोलनरत होकर कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए रात गुजारने के लिए मजबूर हैं। हालांकि वैसे देखा जाए तो विकास के नाम पर हो रही बंदरबांट, लापरवाही, भ्रष्टाचार और लोभ-लालच ने हिमाचल की गोद में बसे हुए उत्तराखंड के बहुत सारे इलाकों को विकास की आड़ में खोखला करने का कार्य किया है।

# विदेशी शिक्षण संस्थानों को न्यौता देना कहीं भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए खतरा ना बन जाए

*विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में अपने परिसर खोलने के मसविदे को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भले ही अभी अमली जामा पहनाया हो, हालांकि यह प्रस्ताव पुराना है। कई विदेशी विश्वविद्यालय बरसों से भारत में अपने परिसर खोलने के इच्छुक थे, मगर कुछ तकनीकी अड़चनों और शिक्षा की गुणवत्ता, पढ़ाने-लिखाने के तौर-तरीके के नियमन, शुल्क आदि को लेकर कई शंकाओं के चलते यह प्रस्ताव टलता आ रहा था। निस्संदेह इस नीति से उच्च शिक्षा में भारतीय विद्यार्थियों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। आयोग ने फिलहाल विदेशी विश्वविद्यालयों को दस साल के लिए मंजूरी देने का प्रावधान रखा है। उनके प्रदर्शन को देखते हुए नौ साल बाद फिर उनका नवीकरण किया जाएगा।*

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। आखिरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति की शुरुआत करते हुए अगस्त तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के शुरू होने और विदेशों के ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और येल जैसे उच्च स्तरीय लगभग पांच सौ श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के भारत में कैंपस खुलने शुरू हो जायेंगे। अब भारत के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा स्वदेश में ही मिलेगी और यह कम खर्चीली एवं सुविधाजनक होगी। इसका एक लाभ होगा कि कुछ सालों में भारतीय शिक्षा एवं उसके उच्च मूल्य मानक विश्वव्यापी होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह अनूठी एवं दूरगामी सोच से जुड़ी सराहनीय पहल है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का अभ्युदय है। भारत में दम तोड़ रही उच्च शिक्षा को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। बुझा दीया जले दीये के करीब आ जाये तो जले दीये की रोशनी कभी भी छलांग लगा सकती है। खुद को विश्वगुरु बताने वाले भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के 200 विश्वविद्यालयों में शामिल नहीं है। दो आइआइटी और एक आइआइएससी इस सूची में आते हैं लेकिन 175वें नंबर के बाद, इन त्रासद उच्च स्तरीय शिक्षा के परिदृश्यों में बदलाव लाने में यदि नयी पहल की भूमिका बनती है तो यह स्वागतयोग्य कदम है। लेकिन अनेक संभावनाओं एवं नई दिशाओं के उद्घाटित होने के साथ-साथ हमें यह भी देखना होगा कि कहीं यह पहल भारत के लिये खतरा न जाये?

विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में अपने परिसर खोलने के मसविदे को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भले ही अभी अमली जामा पहनाया हो, हालांकि यह प्रस्ताव पुराना है। कई विदेशी विश्वविद्यालय बरसों से भारत में अपने परिसर खोलने के इच्छुक थे, मगर कुछ तकनीकी अड़चनों और शिक्षा की गुणवत्ता, पढ़ाने-लिखाने के तौर-तरीके के नियमन, शुल्क आदि को लेकर कई शंकाओं के चलते यह प्रस्ताव टलता आ रहा था। निस्संदेह इस नीति से उच्च शिक्षा में भारतीय विद्यार्थियों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। आयोग ने फिलहाल विदेशी विश्वविद्यालयों को दस साल के लिए मंजूरी देने का प्रावधान रखा है। उनके प्रदर्शन को देखते हुए नौ साल बाद फिर उनका नवीकरण किया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया और शुल्क निर्धारण के मामले में इन विश्वविद्यालयों को स्वतंत्रता होगी। पर इससे यह सुविधा तो होगी कि बहुत सारे भारतीय विद्यार्थियों को अपने देश में रह कर ही विदेशी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों को पढ़ने की सुविधा मिल जाएगी।



अब भारतीय छात्रों को बहुआयामी पाठ्यक्रमों को चुनने का अवसर मिल सकेगा। बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए बाहरी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने जाते हैं कि यहां के विश्वविद्यालयों में वैसे पाठ्यक्रम नहीं हैं, जो उनमें हैं। अब वे पाठ्यक्रम अपने देश में भी उपलब्ध हो सकेंगे। इससे स्वाभाविक ही अपने यहां के सरकारी और निजी विश्वविद्यालय भी उनकी प्रतिस्पर्धा में ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रयास करेंगे। इस तरह की प्रतिस्पर्धा से भारत की उच्च शिक्षा को उन्नत होने की दिशाएं उद्घाटित होंगी, इसमें संदेह नहीं है। नए साल में शिक्षा का स्तर भारत में बदला हुआ दिखाई देगा। अब प्रोफेशनल के साथ रोजगारपरक पढ़ाई पर फोकस किया जा रहा है। डिजिटल यूनिवर्सिटी खुलने और विदेशी शिक्षण संस्थानों के भारत में खुलने से उच्चस्तरीय पढ़ाई का स्तर अलग ही होगा। आसान व सुविधाजनक पढ़ाई के अवसर मिलेंगे। छात्रों को अध्ययन में लचीलापन, पाठ्यक्रमों तक आसानी से पहुंच, उच्च गुणवत्ता के कोर्स, कम लागत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग की सुविधा मिल पाएगी। इन विश्वविद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम से कई छात्र अपनी आगे की पढ़ाई पूरी कर पाएंगे। इन विश्वविद्यालयों के माध्यम से पारंपरिक संस्थानों की तुलना में अधिक विस्तृत पाठ्यक्रम की पेशकश और डिग्री कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा ऐसे क्षेत्र के छात्रों को मिलेगा, जो अब तक इससे वंचित थे। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी जरिया बनेगा। अगले कुछ वर्षों में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर भारत की धरती पर कई विदेशी विश्वविद्यालय ज्ञान बांटेंगे। निश्चित ही इससे भारत का उच्च स्तरीय शिक्षा का स्तर सुधरेगा एवं दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों में उसे सहायता मिलेगी। निश्चित ही यह पहल नया भारत, सशक्त भारत के संकल्प को आकार देने में सहायक होगी। एक महाशक्ति बनना एवं एक आदर्श शक्ति बनना- दोनों में फर्क है। भारत को इन दोनों के बीच संतुलन बनाये रखना होगा। उच्च शिक्षा एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के लिये भारत के दरवाजे खोलने का अर्थ हमारे मूल शिक्षा के आदर्शों को जीवंत बनाये रखना होना चाहिए। धीरे-धीरे पढ़ाई के बदलते स्वरूप में अच्छा नागरिक या बेहतर मनुष्य बनने का उपक्रम गुम नहीं होना चाहिए। यदि वह अच्छी नौकरी पाने का ज़रिया है और अच्छी नौकरी का मतलब अच्छा काम नहीं, अच्छे पैसे देने वाला काम है तो इससे हम आगे बढ़ने की बजाय पीछे ही जायेंगे।

वैसे ही उच्च शिक्षा भटकी हुई प्रतीक होती है, हमारा मूल उद्देश्य ही कहीं भटकाव एवं गुमराह का शिकार न हो जाये। आज देश में बहुत चमचमाते एवं भव्यतम विश्वविद्यालय परिसरों की बाढ़ आ गई है। ये निजी विश्वविद्यालयों के परिसर हैं जिनकी इमारतें शानो-शौकत का नमूना लगती हैं, लेकिन ज्यादातर विश्वविद्यालय छात्रों से भारी फीस वसूलने एवं शिक्षा के व्यावसायिक होने का उदाहरण बन रहे हैं, जो शिक्षकों को कम पैसे देने, पढ़ाई का ज्यादा दिखावा करने, राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक विष पैदा करने एवं हिंसा- अराजकता के केन्द्र बने हुए हैं। विदेशी संस्थानों के आने से ये चुनौतियां ज्यादा न बढ़ जायें, यह एक चुनौती है। वैसे ये विदेशी विश्वविद्यालय निजी विश्वविद्यालयों की तरह ही अपने छात्रों को राजनीति एवं साम्प्रदायिकता से दूर रखेंगे। तब सरकार को किसी आंदोलन का, छात्रों की ओर से किसी प्रतिरोध एवं हिंसा का डर नहीं होगा। इसका शिक्षा के मूल उद्देश्यों पर जो भी असर पड़े, सरकार की सेहत पर नहीं पड़ेगा। लेकिन इस तरह सरकार अपनी असुविधाओं के चलते अपनी जिम्मेदारियों से पला झाड़ने की मुद्रा में कैसे आ सकती है?

विदेशी विश्वविद्यालयों को न्यौता देना सूझबूझभरा तभी है जब हम अपनी विवशता के चलते ऐसा नहीं करें। क्योंकि हमारे यहां एक बड़ी समस्या यह भी है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय खोलना सरकार की क्षमता से बाहर होता गया है। सरकारी संरक्षण में पल रही शिक्षा का प्रभावी संचालन एवं परिणामदायी व्यवस्था भी सरकार के सामने दूसरी बड़ी चुनौती है। शिक्षा पर अपेक्षित बजट न होने के चलते सबके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में निजी संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाने लगा। सरकार अपने स्कूलों, कालेजों को पीपी मॉडल पर देने के लिये निजी संस्थानों को आमंत्रित कर रही है। देश में आमजन को उन्नत शिक्षा उपलब्ध न करा पाना सरकार की बड़ी नाकामी रही है। इसी के चलते निजी स्कूल और कालेजों की बाढ़ तो आ गई, मगर उनमें मिलने वाली शिक्षा की कीमत चुकाना हर किसी के वश की बात नहीं रह गई है।

# स्थानीय भाषाओं को साथ लेकर ही वैश्विक भाषा बन सकती है हिंदी




आधुनिक खड़ी बोली हिंदी की विकास यात्रा की शुरुआत उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में हुई। लेकिन इसे बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में ना सिर्फ गति मिली, बल्कि स्तरीयता के संदर्भ में एक मानक स्तर भी हासिल कर लिया। इस दौर में हिंदी जहां परिनिष्ठित होती है, वहीं उसे सौष्ठव पूर्ण बनाने की कोशिश भी शुरू होती है। इसी दौर में देखते हैं कि हिंदी राष्ट्रीय होने की ओर बढ़ती है और इसमें भावी बहुभाषी स्वतंत्र भारत की भाषाओं के बीच सेतु के तौर पर देखा जाता है। ब्रिटिश भारतविद् फ्रांचेस्का आर्सिनी इसी दौर की हिंदी को समूचे भारतीय राष्ट्र के मूल्यों का लोकवृत्त रचयिता के तौर पर देखती हैं। अमृत राय इसी दौर में हिंदी में राष्ट्रवाद के बीज भी देखते हैं। लेकिन जब बीसवीं सदी के उत्तरार्ध को देखते हैं तो हिंदी नए रूप में सामने आती है। विशेषकर हिंदी पत्रकारिता राष्ट्रीयता के स्थानीयता की ओर उन्मुख होती है और राष्ट्रीय से स्थानीय होने की इस यात्रा में वह स्थानीय भाषाओं के तमाम शब्दों को ना सिर्फ स्वीकार करती है, बल्कि उन्हें अपनी प्रवृत्ति के अनुसार ढालकर स्थानीय संपर्क का जीवंत माध्यम बन जाती है।

अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार और साहित्यालोचक ईएम फास्टर ने 1927 में ट्रिनिटी कॉलेज लंदन में कुछ व्याख्यान दिए थे। वे व्याख्यान 'आस्पेक्ट ऑफ नॉलेज' नाम से पुस्तक रूप में प्रकाशित हैं। हिंदी में इसका अनुवाद भी प्रकाशित है, 'उपन्यास के पक्ष'। इन्हीं में से एक व्याख्यान में फास्टर ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक होने के लिए स्थानीय होना जरूरी है। इसके जरिए फास्टर ने यह समझाने की कोशिश की है कि जिसकी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, वही वैश्विक स्तर पर प्रभावकारी हो सकता है। भारतीय परंपरा में इसी तथ्य को बरगद के पेड़ के जरिए समझाया जाता है। कहा जाता है कि बरगद का पेड़ इसीलिए ज्यादा बड़ा, छतनार और विशाल होता है, क्योंकि उसकी जड़ें ज्यादा भी होती हैं और मजबूत भी। भारतीय अवधारणा हो या फिर फास्टर की प्रस्थापना, यह ना सिर्फ व्यक्तित्वों पर लागू होती है, बल्कि रचनाओं पर भी यह पूरी तरह फिट बैठती है। फास्टर ने जब यह प्रस्थापना दी थी, तब वैश्वीकरण का दौर नहीं था। भारत में उदारीकरण के बाद जिसे ग्लोबल विलेज यानी वैश्विक ग्राम की जो कल्पना की गई, उसकी कोई सोच भी नहीं थी। हालांकि भारतीय परंपरा इसे दूसरे रूप में हजारों साल पहले स्वीकार कर चुकी थी। 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा नई नहीं है। मध्यकाल में शुरू हुए यूरोपीय उपनिवेशवाद से दुनिया राजनीतिक तौर पर भले ही मुक्त हो गई, लेकिन इस औपनिवेशीकरण के अवशेष बौद्धिक स्तर पर बाकी रह गए। औपनिवेशीकरण से विकसित मानसिक गुलामी की ही वजह से भारतीय बुद्धिजीवियों में एक प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्हें अपने हर पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक दर्शन जहां दकियानूसी लगता

# अर्थव्यवस्था में सुधार के चलते फलने फूलने लग गये हैं भारतीय बैंक

वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों में मुद्रास्फीति में हो रही लगातार वृद्धि एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि के कारण इन देशों में आने वाली सम्भावित मंदी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 26वां वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन 29 दिसम्बर 2022 को जारी किया। इस प्रतिवेदन में भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ बताई गई है। केंद्र सरकार द्वारा लिए गए कई आर्थिक निर्णयों के चलते देश में न केवल आर्थिक गतिविधियों में तेजी से सुधार होता दिख रहा है बल्कि वित्तीय स्थिरिता की स्थिति में भी लगातार सुधार दृष्टिगोचर है। दरअसल, बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 8 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं




दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, केंद्र सरकार ने इंद्रधनुष योजना को लागू करते हुए, सरकारी क्षेत्र के बैंकों को 3.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी उपलब्ध करायी है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मज़बूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलॉक) करने के उद्देश्य से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी।

# 90 की उम्र में युवा लेखकों को राह दिखाते शरद पगारे को मिलेगा प्रतिष्ठित व्यास समान

## साहित्य के क्षेत्र में देश में ज्ञानपीठ के बाद सबसे बड़ा पुरस्कार माने जाने वाला के. के. बिड़ला फॉउंडेशन का व्यास सम्मान भारत के जाने-माने साहित्यकार शरद पगारे को मिलेगा

❑ इंदौर

साहित्य के क्षेत्र में देश में ज्ञानपीठ के बाद सबसे बड़ा पुरस्कार माने जाने वाला के. के. बिड़ला फॉउंडेशन का व्यास सम्मान भारत के जाने-माने साहित्यकार शरद पगारे को 11 जनवरी को सायं 5 प्रेस क्लब इंदौर में एक गरिमामय कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अथिति पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन होंगी। विशेष अतिथि देवी अहिल्या विश्व विद्यालय की कुलपति डॉ. रेणु जैन होंगी। के.के. बिड़ला फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. सुरेश ऋतुपर्ण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। व्यास सम्मान प्रो. शरद पगारे को उनके प्रसिद्ध उपन्यास पाटलिपुत्र की सम्राज्ञी के लिए दिया जा रहा है। सम्मान के तहत के. के. बिड़ला फाउंडेशन मंजूषा, प्रशस्ति प्रत्र और 4 लाख रुपए की सम्मान राशि देता है। शरद पगारे व्यास सम्मान से विभूषित होने वाले मध्य प्रदेश के एकमात्र साहित्यकार हैं। इंदौर के पगारे पिछले लगभग 65 सालों से साहित्य साधना में रत हैं। अब तक उनके 8 उपन्यास, 10 कथा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त इतिहास पर उनकी 12 पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं। गुलारा बेगम शरद का सबसे लोकप्रिय उपन्यास है जिसके हिंदी में 11 संस्करण अब तक प्रकाशित हुए हैं। गुलारा बेगम उपन्यास पाठकों में इतना लोकप्रिय है कि इसका मराठी, गुजराती, उर्दू, मलयालम और पंजाबी में अनुवाद हो कर प्रकाशन भी हुआ है। पगारे को देश में ऐतिहासिक उपन्यास लेखन की परंपरा



को न केवल पुनर्जीवन दिया है वरन उसे नया मोड़ भी दिया है। आपने अपने उपन्यास लेखन में ऐसे चरित्रों पर कार्य किया है जो न अपने काल में महत्वपूर्ण होने के बाद उपेक्षित रहे। पगारे ने उन्हें अपनी कलम से न्याय दिलाने का कार्य किया है। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक नगर बुरहानपुर पर पगारे के दो उपन्यास गुलारा बेगम और बेगम जैनाबादी हैं।हिंदी साहित्य में किसी नगर के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर दो उपन्यास लिखने की दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इसी प्रकार उजैन में 2000 वर्ष पूर्व हुवे घटनाक्रम पर आपका लोकप्रिय उपन्यास गन्धर्व सेन है। प्रतिष्ठित व्यास सम्मान से विभूषित कृति पाटलिपुत्र की सम्राज्ञीमौर्य युग के वैभव से पाठक का परिचय कराती है। यह उपन्यास इस लिए भी अत्यंत लोकप्रिय है क्यों कि यह इतिहास में उपेक्षित नारी महान सम्राट अशोक की की मां धर्मा की कथा-व्यथा कहता है। इस उपन्यास का शीघ्र ही उड़िया भाषा में अनुवाद हो कर प्रकाशन हो रहा है।

अनेक साहित्यिक सम्मानों से नवाज़े जा चुके शरद पगारे का एक अन्य उपन्यास उजाले की तलाश है। नक्सलवाद की पृष्ठभूमि पर लिखा गया यह उपन्यास इतना लोकप्रिय हुआ की इसका अंग्रेज़ी में अनुवाद हुवा और देश के अंग्रेज़ी के प्रतिष्ठित पब्लिशर रूपा पब्लिकेशन से इसका प्रकाशन हुवा है। जिंदगी के बदलते रूप आपका एक अन्य लोकप्रिय उपन्यास है। इसी प्रकार कथा संग्रहों में नारी के रूप, सांध्य तारा, चन्द्रमुखी का देवदास हिंदी के पाठकों में काफी लोकप्रिय है।

# कोलकाता एसटीएफ ने खंडवा से सिमी के आतंकी को किया गिरफ्तार, आईएस से जुड़े तार

❑ खंडवा

मध्यप्रदेश के खंडवा के एक युवक को आतंकी संगठन IS से संबंध के आरोप में कोलकाता एसटीएफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से एसटीएफ ने एक मोबाइल, पेन ड्राइव और जरूरी दस्तावेज बरामद किए हैं। कोलकाता पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया था। उससे संबंध रखने के मामले में ही खंडवा के अब्दुल रकीब को भी पकड़ा है। एसटीएफ की टीम ने खंडवा आकर उसकी गिरफ्तारी की है। रकीब का पश्चिम बंगाल में आतंकी गतिविधियों से कनेक्शन मिला है। सोशल मीडिया पर ऐसी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था, जो देशहित में नहीं है। इस वजह से जब एसटीएफ की टीम ने पश्चिम बंगाल के सोशल मीडिया ग्रुप्स की छानबीन की तो उसमें खंडवा के रकीब से जुड़े होने की बात सामने आई।





शहर के खानशाहवली में रहने वाले सिमी से जुड़े रहे अब्दुल रकीब को सोमवार को कोलकाता (स्पेशल टॉस्क फोर्स) की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता के एक मामले में आतंकी से कनेक्शन जुड़ने पर रकीब को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि कोलकाता एसटीएफ ने एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में मदद मांगी थी। खंडवा के अब्दुल रकीब कुरैशी के खिलाफ कोलकाता के थाने में धारा 121, 121ए, 122, 123 और 120बी के तहत केस दर्ज किया है। विवेक सिंह ने बताया कि रकीब को पहले भी यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है। वह सिमी का सदस्य रहा है। फिलहाल एक मामले में जमानत पर बाहर है। पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर किस आतंकी गतिविधि से रकीब का कनेक्शन जुड़ा है। परिजनों ने देश विरोधी गतिविधियों से रकीब का कनेक्शन होने से इनकार किया है। भाई अब्दुल रशीद का आरोप है कि रकीब नमाज पढ़कर दुकान पर आ रहा था। रास्ते में टीम उसे उठाकर अपने साथ ले गई। इसकी सूचना भी हमें नहीं दी। रकीब के भाई रशीद अन्य परिजनों के साथ एसपी विवेक सिंह के पास पहुंचे। उन्होंने एसपी को शिकायती आवेदन दिया। इसमें उन्होंने जिक्र किया कि बिना सूचना दिए भाई को जबरदस्ती उठाकर ले गए हैं। मुझे आशंका है कि एसटीएफ जबरदस्ती आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता बताकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा सकती है। उसके साथ कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। रकीब व उसका भाई रशीद सिमी से जुड़े थे। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सात साल सजा काटने के बाद 2013-14 में बाहर आए थे। उसके बाद वह मैकेनिक के तौर पर ऑटोमोबाइल का धंधा करने लगा। रकीब व उसके भाइयों की दुकान भी है। रशीद ने बताया कि जिला कोर्ट से उनका फैसला हो चुका है। कोर्ट ने बरी कर दिया था लेकिन एटीएस ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। तब से लगातार रकीब पेशी पर भी जा रहा है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, विधुत नियामक आयोग और ऊर्जा सचिव को जारी किया नोटिस

**जबलपुर।** नियमों की अनदेखी कर बिजली के टैरिफ बढ़ाने के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने विद्युत नियामक आयोग, मध्य प्रदेश सरकार और ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर हाईकोर्ट में यह याचिका नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने हाईकोर्ट ने दाखिल कर बताया कि, विद्युत नियामक आयोग ने बगैर सुनवाई और दावे अपत्ति बुलवाए बिना ही बिजली टैरिफ बढ़ाने के तैयारी कर ली है। दरअसल मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए बिजली के नए टैरिफ नियम बनाने की तैयारी शुरू कर दी है, इसे लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने भारी आपत्ति दर्ज कराई है । नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष पीजी नाजपांडे और सदस्य रजत भार्गव ने इसको लेकर विद्युत नियामक आयोग को नोटिस भी भेजा था ।

# जातिगत आरक्षण खत्म करने को लेकर करणी सेना का अनशन तीसरे दिन भी जारी



❑ भोपाल

राजधानी के महात्मा गांधी चौराहे के अवधपूरी की तरफ जाने वाले रास्ते पर करणी सेना के कार्यकर्ता बैठकर आंदोलन कर रहे है। करणी सेना के आंदोलन का आज तीसरा दिन है। करणी सेना के प्रदेश प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने 21 सूत्रीय मांगे नहीं मानने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी हैं। जातिगत आरक्षण खत्म कर आर्थिक आधार पर आरक्षण देने समेत 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना परिवार के सदस्यों ने 8 जनवरी को भोपाल के जंबूरी मैदान में जनआंदोलन की अनुमति ली थी। प्रशासन की तरफ से एक दिन अनुमति दी गई थी, लेकिन इसके बाद करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर समेत पांच लोग देर शाम आमरण अनशन पर बैठ गए। इसके अगले दिन कार्यकर्ता जंबूरी मैदान से एमपी नगर में महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करने और विधानसभा के घेराव करने के लिए निकलें। जिनको पुलिस ने गांधी चौक पर ही बेरिकैटिंग कर रोक लिया। जहां करणी सेना के पदाधिकारियों ने सड़क पर ही बैठक कर धरना शुरू कर दिया।मप्र सरकार के मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने करणी सेना की मांगों पर चर्चा करने की बात कही है। हालांकि उन्होंने सेना की कुछ मांगों को असंवैधानिक बताया। इस पर भी करणी सेना के सदस्य नाराज हो गए। अब उनका कहना है कि सरकार हमारी मांगों को पूरा करने का लिखित आश्वासन दें। इसके बाद ही आमरण अनशन खत्म होगा। करणी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो हमारा आंदोलन चलता रहेगा और चुनाव में बीजेपी के खिलाफ करणी सेना मतदान करेगी। करणी सेना के आंदोलन को देखते हुए महात्मा गांधी चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही वज्र वाहन और वाटर कैनन वाहन भी तैनात है।

# पिपरिया मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, श्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रक में घुसी, एक की मौत

❑ छिंदवाड़ा

नर्मदापुरम - पिपरिया स्टेट हाईवे पर घने कोहरे के कारण श्रद्धालुओं से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



मंगलवार सुबह 6: 00 बजे शोभापुर के पास बस सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस में बैठे 38 श्रद्धालु घायल हो गए, वहीं एक यात्री की पिपरिया के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीण और सोहागपुर एसडीओपी, टीआई समेत पुलिस स्टाफ ने पहुंचकर घायल यात्रियों को बाहर निकाला। सोहागपुर, पिपरिया और माखननगर से बुलाई गई एम्बुलेंस से गंभीर घायल श्रद्धालुओं को पिपरिया और सोहागपुर से नर्मदापुरम रेफर किया गया है। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि बस का बायां हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में बैठे सभी लोग श्रद्धालु हैं, जो कि उज्जैन, ओंकारेश्वर दर्शन करने आएं थे और वापस बालाघाट जा रहे थे। एसडीओपी मदन मोहन समर ने जानकारी देते हुए बताया कि बस उज्जैन से बालाघाट जा रही थी। बस में करीब 50 लोग बैठे थे। 38 श्रद्धालु घायल हुए, जिन्हें पिपरिया, सोहागपुर ले जाया गया। एक श्रद्धालु की पिपरिया अस्पताल में मौत हुई है। मृतक का नाम श्रीराम सहाये पिता प्रेमचंद कबरे उम्र (56) निवासी बालाघाट बताया जा रहा है। 20 लोगों को अधिक चोटे आने से उन्हें नर्मदापुरम भेजा गया है। एक की हालत नाजुक है।







# फ्रांस के कप्तान ह्यूगो लोरिस ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया


एजेंसी ❑नई दिल्ली



फ्रांस फुटबॉल टीम के कप्तान ह्यूगो लोरिस ने 36 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने यह फैसला 2022 फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के खिलाफ फाइनल हारने के तीन सप्ताह के बाद लिया है। टोटेनहम हॉटस्पर के गोलकीपर लोरिस ने सोमवार को प्रकाशित फ्रांसीसी खेल दैनिक एल%इक्विप के साथ एक इंटरव्यू में कहा- मैंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को खत्म का फैसला किया है, इस भावना के साथ कि मैंने सब कुछ दे दिया है। मुझे लगता है कि यूरो कप क्वालिफाइंग राउंड की शुरुआत से ढाई महीने पहले अब इसकी घोषणा करना महत्वपूर्ण है। लोरिस ने नवंबर 2008 में 21 वर्ष की उम्र में उरुग्वे के खिलाफ एक दोस्ताना मैच में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। वह विश्व कप में फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने लिलियन थुरम के 142 मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। फाइनल में उतरने के साथ ही लोरिस 145 मैचों में फ्रांस की टीम का हिस्सा रहे। 2022 फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस ने अर्जेंटीना से फुल टाइम और फिर एक्सट्रा टाइम तक 3-3 से ड्रॉ खेलने के बाद पेनल्टी शूटआउट में मैच गंवाया था। अर्जेंटीना ने फ्रांस पर शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की थी। ह्यूगो लोरिस अपनी टीम को लगातार दो विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले चौथे कप्तान हैं। सबसे पहले यह उपलब्धि जर्मनी के कार्ल हींज रुमेनिगे ने हासिल की थी। उन्होंने जर्मनी को 1982 और 1986 के विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया, लेकिन दोनों ही फाइनल में उन्हें हार मिली।महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना ने भी अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में लगातार दो बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया। जहां 1986 में अर्जेंटीना विजेता बनी, जबकि 1990 में उसे जर्मनी से हार सहनी पड़ी। डुंगा ने भी 1994, 1998 में ब्राजील को अपनी कप्तानी में दो बार फाइनल में पहुंचाया। 1994 में ब्राजील विजेता बना और 1998 में उसे फ्रांस ने फाइनल में हराया। लोरिस के पास लगातार दो विश्व कप जीतने वाले पहले कप्तान बनने का मौका था, लेकिन वह इससे चूक गए। लोरिस ने कहा- मैं वास्तव में विश्व कप के बाद से संन्यास के बारे में सोच रहा था। पूर्व नीस और लियोन के गोलकीपर लोरिस की कप्तानी में फ्रांस ने रूस में 2018 विश्व कप में जीत हासिल की। वह यूरो 2016 सहित कुल सात मेजर टूर्नामेंट में खेले। यूरो 2016 के फाइनल में मेजबान फ्रांस पुर्तगाल से से हार गया था। विश्व कप में फ्रांस के बैक-अप गोलकीपर 37 वर्षीय रेनेस, अनुभवी स्टीव मंडंडा और वेस्ट हैम युनाइटेड के अल्फोंस अरेओला थे। हालांकि, फ्रांस के स्टार्टर के रूप में लोरिस के स्थान पर एसी मिलान के 27 वर्षीय माइक मेगनन का टीम में आना तय है, जो चोट के कारण विश्व कप से चूक गए थे। लोरिस ने कहा- एक समय आता है जब आपको एक राह चुनने की जरूरत होती है। मैंने हमेशा कहा है कि फ्रांसीसी राष्ट्रीय टीम किसी एक व्यक्ति की नहीं है। मुझे लगता है कि एक गोलकीपर है जो तैयार है (मैगनन)। साथ ही मुझे अपने लिए अपने परिवार के लिए और अपने बच्चों के लिए थोड़ा और समय चाहिए। 14 से भी ज्यादा वर्षों तक फ्रांस का गोलकीपर होना एक बड़ी बात है, लेकिन यह मानसिक रूप से थका देने वाला भी है और मुझे उम्मीद है कि खुद के लिए कुछ समय निकालने से मुझे कुछ और वर्षों के लिए क्लब लेवल पर खेलने का मौका मिलेगा।

## मलयेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की खराब शुरुआत, साइना-श्रीकांत पहले राउंड से ही बाहर





एजेंसी ❑कुआलालंपुर

शीर्ष भारतीय शटलर साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत का खराब प्रदर्शन जारी है। ये दोनों मंगलवार को 1,250,000 डॉलर इनाम वाले मलयेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गये। दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन साइना चीन की हान यू से 12-21 21-17 12-21 से हार गईं। साइना पिछले कुछ वर्षों में कई बार चोट से जूझ चुकी हैं। साथ ही वह खराब फॉर्म से भी गुजर रही हैं। 2022 में भी साइना का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी साइना ने वापसी करते हुए महिला एकल के पहले दौर के मैच में निर्णायक मुकाबले में वापसी की। हालांकि, 2012 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता आगे की राउंड में पिछड़ गईं। दुनिया के पूर्व नंबर एक श्रीकांत का प्रदर्शन और खराब रहा। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुके श्रीकांत को जापान के केंता निशिमोटो ने लगातार दो गेमों में 21-19, 21-14 से हराया। वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें नंबर के श्रीकांत ने शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन निशिमोटो बढ़त लेने में सफल रहे। दूसरे गेम में दोनों शटलर 12-12 से बराबरी पर थे, लेकिन जापानी खिलाड़ी वहां से मुकाबला जीतकर ले गए।आकर्षी कश्यप को भी चीनी ताइपे की वेन ची सू ने महिला एकल के पहले मैच में 10-21 8-21 से मात दी। आज ही त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी हांगकांग की युंग नगा टिंग और युंग पुई लाम से भिड़ेंगी। वहीं, पुरुष युगल के पहले दौर में कृष्णा गरगा और विष्णुवर्धन पंजाला दक्षिण कोरिया की कंग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## सऊदी अरब में रोनाल्डो का पहला मैच मेसी के खिलाफ, 19 जनवरी को होगी दिग्गजों की टक्कर



एजेंसी ❑पेरिस

पुर्तगाल के स्टार फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी अरब में अपना पहला मैच पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के खिलाफ खेलेंगे, जिसमें उनके सामने अर्जेंटीना के पुराने प्रतिद्वंद्वी लियोनल मेसी होंगे। पीएसजी ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम 19 जनवरी को रियाद में रोनाल्डो के नए क्लब अल नास्र और अल हिलाल की संयुक्त टीम के साथ दोस्ताना मैच खेलेगी। अल नास्र के लिए अपने पहले लीग मैच के लिए रोनाल्डो को 22 जनवरी का इंतजार करना होगा जब उनका सामना अल इत्तिफाक से होगा। वैश्विक फुटबाल नियमों के अनुसार 37 साल के रोनाल्डो दो मैचों के निलंबन की अपनी सजा पूरी करेंगे। विश्वकप से पहले इंग्लिश फुटबाल संघ ने उन पर नवंबर में एक समर्थक का फोन हाथ मारकर गिराने पर दो क्लब मैचों के निलंबन की सजा सुनाई थी। पीएसजी की टीम दो दिन के लिए सऊदी अरब का दौरा कर रही है। पीएसजी क्लब में प्रायोजक कतर से हैं। बेल्जियम के पूर्व कोच राबर्टो मार्टिनेज अब पुर्तगाल के नए कोच बन गए हैं। इससे पहले फर्नांडो सांतोस थे जिन्होंने विश्वकप में मोरक्को के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। सांतोस ने दो मैचों में रोनाल्डो को दूसरे हाफ में उतारा था। माना जा रहा है कि पुर्तगाल के बाहर होने में इस निर्णय की बड़ी भूमिका रही। रोनाल्डो भी इससे बेहद नाखुश थे। मार्टिनेज ने कहा कि मैं हर खिलाड़ी से बात करूंगा। शुरुआत पिछले विश्वकप के 26 खिलाड़ियों से होगी और इसमें रोनाल्डो भी शामिल हैं। वह 19 साल से पुर्तगाल की टीम में हैं और सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दायित्व सभी खिलाड़ियों को मौका देना है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं बुमराह, फिर उबरी पीठ की चोट

एजेंसी ❑नईदिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम में असमंजस की स्थिति बरकरार है। छह दिन पहले श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में %स्पेशल% एंट्री पाने वाले जसप्रीत बुमराह अब इस सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने बुमराह को इतनी जल्दी एक्शन में वापस नहीं लाने का और फिटनेस के आधार पर उन्हें सीरीज से आराम देने का फैसला लिया है। इसके बाद आशंका जताई जा रही है कि बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं। वहीं, छह दिन पहले यानी तीन जनवरी को बीसीसीआई ने बुमराह को स्क्वॉड में शामिल करने की जानकारी दी थी। बीसीसीआई ने भी इस मामले में आधिकारिक पुष्टि कर दी है। हालांकि, उन्होंने किसी रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया। पीठ की चोट के चलते बुमराह सितंबर 2022 से टीम इंडिया से बाहर थे। वह एशिया कप और टी20 विश्व कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे। चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय से नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे हैं। हाल ही में एनसीए ने बुमराह को पूरी तरह फिट घोषित कर दिया था। तीन जनवरी को उन्हें श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम टेस्ट सीरीज से पहले बुमराह का भारतीय टीम में शामिल होने फैंस काफी खुश थे। हालांकि, अब फिर से फैंस को झटका लगा है। बुमराह गुवाहाटी भी नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में ही भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे मैच खेलेगी। 29 साल के जसप्रीत बुमराह ने भारत के लिए आखिरी मैच 25 सितंबर को खेला था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वहीं, अपना आखिरी वनडे मैच उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई को खेला था। टी20 विश्व कप 2022 के दौरान भारत को बुमराह की कमी खली थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय गेंदबाज कोई विकेट नहीं ले पाए थे। माना जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट ने एनसीए की सलाह पर यह फैसला लिया है। वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि ऐन मौके पर जसप्रीत बुमराह को सीरीज से बाहर रखने का फैसला लिया गया, ताकि उन्हें वापसी के लिए पूरा वक्त मिल सके। श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से पहले रोहित शर्मा ने प्रेस कॉनफ्रेंस में कहा कि नेट्स में गेंदबाजी के दौरान उन्हें पीठ में जकड़न महसूस हुई। फिलहाल टीम मैनेजमेंट उनकी चोट को लेकर बेहद सतर्क है। इसीलिए उन्हें आराम दिया गया है, ताकि वह अपनी चोट से पूरी तरह उबर सकें। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुमराह को इस चोट से उबरने में लगभग एक महीने का समय लगेगा। ऐसे में वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं। अगर वह समय पर मैच खेलने के लिए फिट नहीं होते हैं तो पूरी टेस्ट सीरीज से भी उन्हें बाहर रहना पड़ सकता है।बुमराह के अलावा कप्तान रोहित शर्मा, उप-कप्तान केएल राहुल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर सहित भारतीय टीम के अन्य सदस्य, जो टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं थे, गुवाहाटी में टीम में शामिल हो चुके हैं।

### शास्त्री और बुमराह

श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह।

### पिछले 18 महीने से हमने तेजी से भर्तियां की हैं

# टीसीएस 1.25 लाख से ज्यादा नौकरियां देगी, शुद्ध लाभ पहुंचा 11 फीसदी बढ़कर 10,846 करोड़

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) अगले वित्त वर्ष में 1.25 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरियां देगी।?चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में मामूली गिरावट के बाद कंपनी ने यह घोषणा की है। टीसीएस ने कहा, पिछले 18 महीने से हमने तेजी से भर्तियां की हैं। हालांकि, मांग में कमी के कारण दिसंबर तिमाही में उसके कर्मचारियों की संख्या 2,197 घटकर 6,13,974 रह गई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी व प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन ने कहा, हम समान स्तर पर भर्तियां कर रहे हैं। अगले वित्त वर्ष में 1.25-1.50 लाख तक भर्तियां करेंगे। 2021-22 में कंपनी ने 1.03 लाख नए लोगों को नौकरी दी। 2022-23 में अब तक करीब 55,000 लोगों की भर्ती कर चुके हैं। टीसीएस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11 फीसदी बढ़कर 10,846 करोड़ रुपये पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में शुद्ध लाभ 9,769 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा, विदेशी मुद्रा में आय बढ़ने से लाभ बढ़ा है। कुल राजस्व 19.1प्रतिशत बढ़कर 58,229 करोड़ पहुंच गया। टीसीएस ने प्रति शेयर 67 रुपये की विशेष व 8 रुपये की अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है।?इस तिमाही में नौकरी छोड़ने वाले कर्मचारियों की दर 21.5 से घटकर 21.3त्न रह गई। गोल्डमैन सैश अपनी कई कंपनियों से 3,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। सूत्रों ने बताया, मंदी की आशंका से कंपनी पहले से इसकी तैयारी कर रही है। संख्या इससे भी ज्यादा हो सकती है।

ब्लूमबर्ग का दावा है कि 3,200 लोगों की छंटनी हो सकती है। उधर, कंपनी की निवेश बैंकिंग फीस 2022 में करीब आधी घटकर 77 अरब डॉलर रह गई। जियो ने उत्तर प्रदेश समेत चार राज्यों के 10 अन्य शहरों में 5जी सेवा शुरू की है। इन शहरों में आगरा, कानपुर, मेरठ व प्रयागराज, तिरुपति, नेल्लोर, कोझिकोड, त्रिशूर, नागपुर और अहमदनगर शामिल हैं। दूरसंचार कंपनी ने कहा, सोमवार से इन शहरों में जियो उपयोगकर्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त लागत के एक जीबीपीएस-प्लस स्पीड के साथ असीमित डाटा का लाभ लेने के लिए जियो वेलकम ऑफर में आमंत्रित किया जाएगा। अब हम तेजी से एक के बाद एक शहर में यह सेवा शुरू करते जा रहे हैं। इस नवीनतम घोषणा के साथ जियो की 5जी सेवा अब 85 शहरों में शुरू हो गई है। यूक्रेन-रूस संघर्ष ने भारत के रत्न और आभूषण (जेम्स एंड जूलरी) निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। दिसंबर, 2022 में कट एवं पॉलिश डायमंड का निर्यात 21.50 फीसदी गिरकर 10,473 करोड़ रुपये रहा जो 2021 में 13,342 करोड़ रुपये था। हालांकि, इसी दौरान प्लेन गोल्ड जूलरी का सकल निर्यात 21.31त्न बढ़कर 2369.74 करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 में 1953.46 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी बैंक ने सभी अवधि के फंड आधारित मार्जिनल कॉस्ट (एमसीएलआर) में 0.25 फीसदी की वृद्धि की है। इससे हर तरह के कर्ज महंगे हो जाएंगे। नई दर 7 जनवरी से लागू है। एक साल का एमसीएलआर अब 8.85 फीसदी होगा जो पहले 8.60 फीसदी था। एमजी मोटर इंडिया ने नेक्स्ट-जेन हेक्टर एसयूवी पेश किया है। इसमें नई तकनीक के साथ?ज्ञानयुक्त फीचर्स हैं। कंपनी के एमडी राजीव छाबा ने कहा, नेक्स्ट-जेन हेक्टर को बेहतर ड्राइविंग अनुभव के लिए बनाया गया है।

## न्यूयॉर्क में कंपनियों के सीईओ व उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मिले गोयल, निवेश पर चर्चा

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के हितधारकों के साथ निवेश के अवसरों व द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर बातचीत की है। इस दौरान भारत में निवेश के अवसरों तथा अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को और मजबूत करने के क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। आधिकारिक दौरे पर अमेरिका गए गोयल ने सोमवार को निवेश और वित्तीय दिग्गजों के सीईओ के साथ कई बैठकें कीं। स्मार्ट और टिकाऊ भवन समाधान प्रदाता जॉनसन कंट्रोल्स के अध्यक्ष और सीईओ जॉर्ज ओलिवर के साथ बैठक के बाद गोयल ने ट्वीट किया कि उन्होंने डीकार्बोनाइजेशन और भारत में टिकाऊ इमारतों के विकास में कंपनी की भूमिका को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने अनुसंधान और विकास, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सुरक्षा उत्पादों को विकसित करने पर भी चर्चा की। निवेश प्रबंधन दिग्गज ब्लैकस्टोन के सीईओ और चेयरमैन स्टीफन श्वार्जमैन के साथ अपनी बैठक में गोयल ने बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन सहित भारत के निवेश परिदृश्य के विस्तार पर चर्चा की। गोयल ने एक अलग ट्वीट में कहा कि उन्होंने भारत के पूंजी बाजार और निजी इक्विटी परिदृश्य को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गोयल ने मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबैक और वैश्विक निवेश फर्म कोहलबर्ग क्राविस रॉबर्ट्स एंड कंपनी के सह-संस्थापक और सह-कार्यकारी अध्यक्ष हेनरी क्राविस से मुलाकात की। क्राविस के साथ बैठक के बाद गोयल ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने बुनियादी ढांचा, विनिर्माण और स्टार्टअप इनक्यूबेटरों सहित भारत में निवेश के आकर्षक अवसरों पर बातचीत की।



## भारत से आईफोन का निर्यात दोगुना बढ़कर 2.5 अरब डॉलर से ज्यादा, चीन से बाहर निकल रहीं कंपनियां

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

भारत से 2022-23 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में 2.5 अरब डॉलर से ज्यादा का आईफोन निर्यात किया गया। यह आंकड़ा 2021-22 की समान अवधि में निर्यात किए गए आईफोन से करीब दोगुना ज्यादा है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी समूह और विस्ट्रॉन कॉर्प ने 2022-23 के पहले नौ महीने में एक-एक अरब डॉलर से ज्यादा के एपल के उपकरण विदेश भेजे हैं। एपल के लिए उत्पादन करने वाली एक और कंपनी पेगाट्रॉन कॉर्प जनवरी तक करीब 50 करोड़ डॉलर के उपकरण निर्यात करने वाली है। एपल की तेजी से बढ़ती निर्यात संख्या बताती है कि कंपनी चीन के बाहर परिचालन बढ़ा रही है। झेंग्झाउ में फॉक्सकॉन की मुख्य फैक्टरी में अराजकता से कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियां सामने आईं और उत्पादन अनुमान को घटाने पर मजबूर किया। उधर, भारत सरकार बाहरी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न सुधारों के साथ प्रोत्साहन दे रही है। विशाल कार्यबल और फलता-फूलता स्थानीय बाजार भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए एक प्रमुख उम्मीदवार बनाता है।



## स्टॉक ऑप्शंस के हकदार नहीं पेटीएम सीईओ विजय शेखर

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्म इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज के मुताबिक पेटीएम अपने संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय शेखर शर्मा को कर्मचारी स्टॉक विकल्प देने के लिए नियमों को दरकिनार कर सकती है। आईआईएएस ने शुक्रवार को एक नोट में कहा कि शर्मा को प्रमोटर के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है, लेकिन उनके पास बोर्ड में संभावित स्थायी सीट समेत कुछ वैसे ही अधिकार मिले हुए हैं। आईआईएएस ने कहा, इन प्रावधानों और ढांचों से विजय शेखर शर्मा को उसी तरह की छंटनी का मौका मिलता है, जैसा कि प्रमोटर परिवारों को अधिक पारंपरिक कंपनियों में मिलता है।



## अमूल के एमडी पद से आरएस सोढ़ी का इस्तीफा सीओओ जयेन मेहता को मिली जिम्मेदारी

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**



गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के एमडी आरएस सोढ़ी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जीसीएमएमएफ के सीओओ जयेन मेहता , आरएस सोढ़ी की जगह लेंगे। बता दें कि जीसीएमएमएफ को आमतौर पर लोग इसके ब्रांड अमूल के नाम से जानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जयेन मेहता को अभी यह जिम्मेदारी अस्थायी तौर पर दी गई है।

आरएस सोढ़ी साल 1982 से कंपनी के साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने कंपनी में बतौर सीनियर सेल्स मैनेजर अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह साल 2000 से 2004 तक कंपनी के जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) के पद पर भी रहे। जून 2010 से उन्हें अमूल का एमडी बनाया गया। जिसके बाद पिछले 13 सालों से वह बतौर एमडी कंपनी की कमान संभाले हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोढ़ी को एमडी पद से हटाने का फैसला गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की बोर्ड बैठक में लिया गया। सोढ़ी को साल 2017 में 5 साल का सेवा विस्तार दिया गया था। वहीं जिन जयेन मेहता को एमडी पद की अस्थायी जिम्मेदारी दी गई है, वह बीते 31 सालों से अमूल के साथ जुड़े हुए हैं। जयेन मेहता ने कंपनी के ब्रांड मैनेजर, ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर और जनरल मैनेजर के तौर पर काम कर चुके हैं और फिलहाल कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर काबिज हैं।

कंपनी की बात करें तो अमूल देश के डेयरी उद्योग की दिग्गज कंपनी है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कंपनी का सालाना टर्नओवर 61 हजार करोड़ रुपए रहा था। अमूल फूड और एफएमसीजी सेक्टर में देश की सबसे बड़ी कंपनी है।

### फिर बेबी पाउडर बेच सकेगा जॉनसन

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के आदेश को किया रद्द

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने जॉनसन एंड जॉनसन (J&J) को राहत देते हुए कंपनी को उसके मुलुंड प्लांट में बनने वाले बेबी पाउडर को बेचने की अनुमति दे दी है। जॉनसन के बेबी पाउडर मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस को महाराष्ट्र सरकार ने कैंसिल कर दिया था। इस फैसले को कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि कॉस्मैटिक्स प्रोडक्ट्स की क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडर्ड को बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी एक प्रोडक्ट में मामूली कमी होने पर पूरी मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को बंद करना उचित नहीं है। इससे पहले नवंबर महीने में हाईकोर्ट ने J&J के बेबी पाउडर सैंपल की फिर से जांच करने के आदेश दिए थे। जॉनसन के बेबी पाउडर मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस को महाराष्ट्र सरकार ने कैंसिल कर दिया था। इसके आदेश 15 और 20 सितंबर को दिए थे। पहले आदेश में मुलुंड प्लांट में बेबी पाउडर बनाने का लाइसेंस कैंसिल किया गया था। दूसरे आदेश में मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन रोकने को कहा गया था। हाईकोर्ट इन आदेशों के खिलाफ कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है।



### 2018 में सैंपल लिए, 2019 में रिपोर्ट आई थी

दिसंबर 2018 में एक औचक निरीक्षण के दौरान स्न्नष्ठ ने क्वालिटी चेक के लिए पुणे और नासिक से J&J के टैल्क-आधारित बेबी पाउडर के सैंपल लिए थे। इनमें मुलुंड प्लांट में बने सैंपल को स्टैंडर्ड क्वालिटी का नहीं माना गया था। 2019 में आए टेस्ट के रिजल्ट में कहा गया था कि सैंपल ढ्ढस् 5339ः 2004 (सेकेंड रिवीजन अमेंडमेंट नंबर 3) टेस्ट श्च॥ में शिशुओं के लिए त्वचा पाउडर के स्पेसिफिकेशन का अनुपालन नहीं करता है। बाद में, कंपनी को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया था।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)